वर्ष 24, अंक 209, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 7 फरवरी 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### हरिद्वार से गरजे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

## सीमाओं के साथ संस्कृति को भी बचाना होगा

**हरिद्वार**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को इस बात पर जोर दिया कि देश की संस्कृति और सभ्यता की रक्षा करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि उसकी सीमाओं की सुरक्षा करना, और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को रेखांकित किया। हरिद्वार में सप्तऋषि आश्रम में स्वामी सत्यमित्रानंद की प्रतिमा के अनावरण समारोह को संबोधित करते हुए सिंह ने भारत की सांस्कृतिक पहचान और मूल्यों की रक्षा का आग्रह किया और चेतावनी दी कि कमजोर सांस्कृतिक जड़ें विघटन का कारण बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तब तक सही मायने में सुरक्षित नहीं है जब तक उसकी सांस्कृतिक नींव, उसके मूल्य और उसकी पहचान सुरक्षित न हो। मैं रक्षा मंत्री के रूप में भी आपके समक्ष उपस्थित हूं। आमतौर पर यह माना जाता है कि रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी केवल सीमाओं और सशस्त्र बलों की सुरक्षा तक ही सीमित होती है। हालांकि, मेरा मानना ??है कि किसी राष्ट्र की सुरक्षा उसकी भौगोलिक सीमाओं से परे तक



फैली हुई है। सांस्कृतिक पहचान और सभ्यता की रक्षा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

राष्ट्र के लिए सांस्कृतिक महत्व पर जोर देते हुए रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि इतिहास गवाह है कि जिन राष्ट्रों ने अपनी सांस्कृतिक जड़ों को कमजोर होने दिया, वे अंततः विघटित हो गए, चाहे उनकी सैन्य शक्ति कितनी भी महान क्यों न रही हो। आज हमारी संस्कृति एक अदृश्य युद्धक्षेत्र में खड़ी है। हमारे गौरवशाली इतिहास को विकृत किया जा रहा है। इस पर कई तरह के हमले हो रहे हैं। हमारी युवा पीढ़ी स्थानीय संस्कृति से दूर होती जा रही है। ऐसे समय में, संस्कृति की ओर लौटना ही समय की मांग है।

उन्होंने संतों और आध्यात्मिक नेताओं से युवाओं के साथ जुड़कर सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का आह्वान किया। सिंह "सांस्कृतिक राष्ट्रवाद" के समर्थक हैं और उनका तर्क है कि भारत की एकता उसकी संत परंपरा से उत्पन्न होती है। सिंह ने कहा कि संत और आध्यात्मिक गुरु इस पुनर्जागरण के केंद्र में हैं। सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता के प्रवर्तक बनने के लिए संतों को आधुनिक संचार माध्यमों से युवाओं के साथ अधिक जुड़ने की आवश्यकता है।

## जम्मू आते ही सीधे सीमा पर पहुँचे अमित शाह

### खुद लिया सीमा चौकियों का जायजा

**जम्मू**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के दो दिवसीय दौरे की शुरूआत करते हुए आज कठुआ में अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे अग्रिम क्षेत्रों में पहुंचे। गृह मंत्री ने हीरानगर सेक्टर में गुरनाम और बोबियां सीमा चौकियों का दौरा किया और सीमा की रक्षा कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बातचीत की। कठुआ में गृह मंत्री ने बोबियां में सीमा रक्षकों के लिए छह कल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया व आधारशिला रखी। हम आपको बता दें कि अमित शाह के लगातार सीमा चौकियों के दौरे को जवानों के बीच बेहद सकारात्मक माना जा रहा है। वह केवल सुरक्षा स्थिति की गहरी समीक्षा ही नहीं करते बल्कि अपने सीधे संवाद से जवानों का हौसला भी बढ़ाते हैं। उनके ऐसे दौरे यह संदेश देते हैं कि देश की सुरक्षा में लगे हर जवान के साथ सरकार मजबूती से खड़ी है और उनके कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। अपने संबोधन में अमित शाह ने खुद भी यह कहा कि वह जवानों से बहुत कुछ प्रेरणा लेकर जाते हैं।

हम आपको यह भी बता दें कि अमित शाह ने जम्मू के लोक भवन में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और बाद में आतंकवाद से पीड़ित कुछ परिवारों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरित किये। अमित शाह का यह दौरा सीमा पर बढ़ायी गयी चौकसी के बीच हो रहा है, जिसका उद्देश्य आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना है। साथ ही आतंकवाद रोधी अभियान भी तेज किए गए हैं, जिनमें पिछले दो हफ्तों में कठुआ, उधमपुर और



किश्तवार जिलों में लगभग करीब 12 मुठभेड़ों में जैश-ए-मोहम्मद के चार पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। अमित शाह गुरुवार देर रात जम्मू पहुंचे थे और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया था।

## ईरान के हालात पर सरकार की नजर

**नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार (6 फरवरी, 2026) को बजट सत्र के दौरान संसद में ईरान की स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने बताया कि ईरान में आर्थिक ठहराव के कारण भड़के विरोध प्रदर्शनों के बाद वहां उत्पन्न हुई स्थिति पर भारत सरकार लगातार बारीकी से अपनी नजर बनाए हुए है.

उन्होंने यह भी कहा कि तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ईरान में रह रहे भारतीय छात्रों समेत अन्य भारतीय नागरिकों के साथ निरंतर



संपर्क में है. उन्होंने कहा कि दूतावास की ओर से भारतीय नागरिकों को जरूरत के मुताबिक समय-समय पर जरूरी मदद और सलाह भी दे रहा है.केंद्रीय मंत्री ने संसद के पटल पर यह स्पष्ट किया, 'सरकार वर्तमान में ईरान में मौजूद भारतीय नागरिकों को फंसा हुआ नहीं मान रही क्योंकि ईरान का एयरस्पेस खुला है और भारत सहित क्षेत्र के अन्य देशों के साथ नियमित हवाई संपर्क बना हुआ है.'

उन्होंने कहा, 'इसी कारण फिलहाल सरकार की ओर से ईरान से भारतीयों को निकालने के लिए किभी भी तरह के विशेष अभियान की व्यवस्था नहीं की गई है. हालांकि, परिस्थिति में किसी भी तरह के बदलाव को लेकर लगातार आकलन किया जा रहा है.'

## क्रिकेट का नया 'सूर्य'!

### 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्व कप में रचा इतिहास



**नई दिल्ली**

**भारत** के युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार, 6 फरवरी को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में एक शानदार शतक जड़ा और इतिहास रच दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसके बाद 14 वर्षीय इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने फाइनल में सिर्फ 55 गेंदों में तूफानी शतक बनाया। सूर्यवंशी ने अपनी शानदार पारी के दौरान कई रिकॉर्ड भी बनाए। इस बल्लेबाज ने अंडर-19 विश्व कप फाइनल में सबसे तेज शतक और टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। उनका 55 गेंदों का शतक ऑस्ट्रेलिया के विल मलाजचुक से थोड़ा ही पीछे था, जिन्होंने टूर्नामेंट में पहले 51 गेंदों में शतक जड़ा था।

उन्होंने 80 गेंदों में शानदार 175 रन बनाए, जिसमें 15 चौके और 15 छक्के शामिल थे। यह टूनामेंट के इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक है, जो ऑस्ट्रेलिया के विल मलाजचुक के बाद है, जिन्होंने जापान के खिलाफ 51 गेंदों में शतक बनाया था।

सूर्यवंशी टूनामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतकवीर भी बन गए। सूर्यवंशी ने टूनामेंट के इतिहास में सबसे अधिक छक्कों का सर्वकालिक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया, उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के देवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 2024 में 18 छक्के लगाए थे। इस लेख को लिखे जाने तक, भारत के इस सनसनीखेज बल्लेबाज ने आठ छक्के लगाए थे।

## 6 थानों के चक्कर काटता रहा परिवार, पुलिस की लापरवाही से गड्ढे में गई बाइकर की जान?

**जनकपुरी**

**राजधानी** के जनकपुरी इलाके में गुरुवार रात मोटरसाइकिल से घर लौटते समय एक बाइकर की कथित तौर पर गड्ढे में गिरने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान कमल ध्यानी (25) के रूप में हुई है। ध्यानी के भाई ने बताया कि छह पुलिस स्टेशनों में जाने के बाद भी परिवार को कोई मदद नहीं मिली और सुबह फोन करने पर ही उन्हें मौत की सूचना मिली। फोन एक अधिकारी ने उठाया और उन्हें उनकी मृत्यु की सूचना दी।

ध्यानी के भाई ने बताया कि जब मैंने आखिरी बार उससे बात की थी, तो उसने कहा था कि वह 10 मिनट में घर पहुँच जाएगा। जब मैंने उसे रात 12:30 बजे दोबारा फोन किया, तो उसने फोन नहीं उठाया। हम चिंतित हो गए। हमने उसकी तलाश शुरू कर दी। मैं पहले रोहिणी स्थित उसके कार्यालय गया, फिर जनकपुरी पुलिस स्टेशन गया। पुलिस ने हमें इस इलाके में उसकी आखिरी लोकेशन बताई। हम उसे ढूंढते रहे, लेकिन वह नहीं मिला। यह घोर लापरवाही है। मेरा भाई पागल नहीं था कि वह जानबूझकर गड्ढे में गाड़ी गिरा दे।

उन्होंने आगे कहा कि रात 1:30 बजे मैंने गड्ढे में जाकर देखा, लेकिन वह उस समय वहाँ नहीं था। हमने कम से कम 6 पुलिस स्टेशनों का दौरा किया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली... सुबह जब मैंने दोबारा अपने भाई के फोन नंबर पर कॉल किया, तो



पुलिस ने फोन उठाया और हमें बताया कि उसका शव गड्ढे से बरामद कर लिया गया है। अगर पुलिस ने समय पर कार्रवाई की होती, तो मेरा भाई आज जीवित होता।

मृतक के मित्र ने बताया कि पुलिस स्टेशन पहुंचने पर उन्हें शिकायत दर्ज कराने के लिए सुबह 11 बजे तक इंतजार करने को कहा गया। पुलिस ने फोन को ट्रैक करने की सहमति तो दी, लेकिन सटीक लोकेशन साझा नहीं की। बताया जाता है कि सात लोगों के एक समूह ने पीड़ित को ढूंढने की कोशिश की, लेकिन वे असफल रहे। उन्होंने कहा कि मैंने कल रात उससे बात की थी जब वह जिला केंद्र पहुंचा था। वह घर से सिर्फ 15 मिनट की दूरी पर था। हमने एक घंटे तक उसका इंतजार किया, लेकिन वह नहीं आया। एक घंटे बाद, हम जिला केंद्र पहुंचे। उसके साथ पहले दो बार दुर्घटना हो चुकी थी, इसलिए हमने सोचा कि शायद कुछ ऐसा ही हुआ होगा।

उसने कहा कि वह हमारे फोन नहीं उठा रहा था।

### सरकार के नए प्लान से बढ़ी चिंता

## क्या दिल्ली में पूरी तरह बैन होंगी पुरानी गाड़ियां?

**दिल्ली**

**दिल्ली-NCR** में लगातार खराब होती हवा को देखते हुए सरकार अब पुराने वाहनों पर सख्ती की तैयारी कर रही है. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग यानी उअदट ने प्रदूषण को काबू में लाने के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार करने पर काम शुरू कर दिया है. इस रोडमैप के तहत इर-क, इर-क्क और इर-क्क्क श्रेणी के पुराने वाहनों को पूरी तरह बंद करने का प्रस्ताव रखा जा सकता है. इतना ही नहीं, अगले पांच सालों में BS-IV वाहनों को भी सड़कों से हटाने की योजना पर



विचार हो रहा है. इसका मकसद राजधानी की हवा को साफ करना और लोगों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से बचाना है.

कब और कैसे हटेंगी पुरानी गाड़ियां?

TOI की एक रिपोर्ट के मुताबिक, IIT मद्रास के प्रोफेसर अशोक झुनझुनवाला की अध्यक्षता वाली समिति ने इस संबंध में एक ड्राफ्ट रोडमैप तैयार किया है, जिसे फीडबैक के लिए साझा किया गया है. इस प्रस्ताव में इर-क, इर-क्क और इर-क्क्क वाहनों को तुरंत हटाने, इर-क्ङ वाहनों को अगले पांच साल में बंद करने और इर-श्क वाहनों को भी 2035 से 2040 के बीच चरणबद्ध तरीके से हटाने की सिफारिश की गई है. समिति का कहना है कि जब दिल्ली का अदक 250 के पार जाता है, तो एक नवजात बच्चा रोजाना 10 से 15 सिगरेट के बराबर प्रदूषण सांस के जरिए लेता है, जो बेहद चिंताजनक है.

कमर्शियल वाहनों पर ज्यादा सख्ती क्यों?

इस प्रस्ताव में कमर्शियल वाहनों पर खास ध्यान दिया गया है, क्योंकि ये ज्यादा प्रदूषण फैलाते हैं. समिति का मानना है कि नए पेट्रोल और डीजल वाहनों की खरीद को धीरे-धीरे कम किया जाना चाहिए और इलेक्ट्रिक और हाइड्रोजन जैसे जीरो टेलपाइप एमिशन वाहनों को बढ़ावा देना जरूरी है।

## बेंगलुरु के 4 पर्यटकों की बिहार में हत्या की गई? सबके हाथ बंधे थे

**नालंदा**

**नालंदा** के दिगंबर जैन धर्मशाला के एक कमरे से शुक्रवार (06 फरवरी, 2026) को चार पर्यटकों (तीन महिलाएं और एक पुरुष) का शव मिला था. सबकी पहचान हो गई है. ये सभी एक ही परिवार के थे. रिश्ता मां और बेटा-बेटी का था. मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है. इसके साथ ही दो सदस्यीय जांच दल को बेंगलुरु भेजा जा रहा है. यह हत्या है या आत्महत्या इस पर भी पुलिस ने साफ नहीं किया है.



शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है. इसके लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है. पोस्टमार्टम के दौरान वीडियोग्राफी की जाएगी. दूसरी ओर हत्या का सवाल इसलिए भी उठ रहा है क्योंकि सबके हाथ बंधे थे. तीन महिलाओं को छोड़कर एक जो पुरुष था उसके मुंह पर सेलोटेप चिपका हुआ था।

## गोकशी पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने सीएम योगी को लिखा पत्र

**उत्तर प्रदेश**

ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और प्रदेश सरकार के बीच जारी तनातनी फिलहाल कम होती दिखाई नहीं दे रही है. शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर प्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह के उस दावे को चुनौती दी है जिसमें उन्होंने गोकशी की घटनाओं को भ्रम और असत्य करार दिया था.

दरअसल, बीते दिनों पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने राज्य में गो-वंश को पूर्णतः सुरक्षित बताते हुए और गोकशी की घटनाओं को 'भ्रम' व 'असत्य' करार दिया था. अब इस दावे पर ज्योतिष्पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती '1008' ने कड़ा रुख अपनाया है. उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राजसत्ता के दावों को धरातल पर सिद्ध करने के लिए 'ज्योतिष्पीठ' के प्रतिनिधियों को स्वतंत्र जाँच और 'प्रमाण संकलन' की अनुमति देने की मांग की है.

'वैज्ञानिक परीक्षण से नहीं होना चाहिये संकोच'

शंकराचार्य जी ने स्पष्ट किया है कि यदि शासन का विश्वास अडिग है, तो पारदर्शिता के लिए वैज्ञानिक परीक्षण से संकोच नहीं होना चाहिए. शंकराचार्य ने अपने संदेश में कड़े शब्दों में कहा है कि, "यदि शासन के दावे सत्य हैं।

## यूपी में मतदाता सूची की अंतिम तारीख 6 मार्च तक बढ़ी

### सियासी घमासान के बीच निर्वाचन आयोग ने लिया फैसला

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** में मतदाता सूचियों के लिए विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया को एक महीने के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे नागरिकों को 6 मार्च, 2026 तक नाम जोड़ने या हटाने की अनुमति मिल गई है। मूल रूप से आज, 6 फरवरी को समाप्त होने वाली इस प्रक्रिया को चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों की मांगों के मद्देनजर अंतिम मतदाता सूची जारी करने की तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने इस बदलाव की घोषणा करते हुए बताया कि यह प्रक्रिया 27 अक्टूबर को शुरू हुई थी, जिसमें प्रारंभिक दावा अवधि 6 जनवरी से 6 फरवरी तक थी, जिसमें नाम जोड़ने के लिए फॉर्म 6 और नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 का उपयोग किया गया था।

पिछले एक महीने में उत्तर प्रदेश में आवेदनों की भारी संख्या दर्ज की गईः नए मतदाताओं के लिए 37.80 लाख फॉर्म 6 जमा किए गए और नाम हटाने के लिए 82,684 फॉर्म 7 दाखिल किए गए। व्यापक मतदाता सूची सूचकांक (रक्फ़) के आंकड़ों से पता चलता है कि 12,55,56,025 मतदाताओं की मसौदा मतदाता सूची तैयार है। कुल फॉर्म 6 की संख्या 54,37,850 रही, जिसमें आम नागरिकों के 37,81,487 और बूथ लेवल एजेंट (इछअ) के 37,789 आवेदन शामिल हैं। फॉर्म 7 की कुल संख्या 1,33,650 है, जिसमें मसौदा सूची के बाद 82,684 नागरिकों के आवेदन, मसौदा सूची से पहले 49,399



आवेदन और BLA के 1,567 आवेदन शामिल हैं।

विपक्षी दलों, विशेषकर समाजवादी पार्टी (एसपी) ने बड़े पैमाने पर वोटों में हेराफेरी के आरोपों पर चिंता जताई है। एसपी प्रमुख अखिलेश यादव ने अधिकारियों पर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्याक) समुदायों के वोटों को व्यवस्थित रूप से हटाने के लिए फॉर्म 7 का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। चुनाव आयोग द्वारा एसपी के खंडन के बावजूद, रिनवा ने स्पष्ट किया कि फॉर्म 7 के लिए सख्त नियम हैं, जो मनमानी तरीके से वोटों को हटाने से रोकते हैं।

इसके जवाब में, एसपी ने राज्य भर में, लखनऊ के कैंट क्षेत्र सहित, फॉर्म 6 और 7 भरने में सहायता के लिए शिविर स्थापित किए हैं। प्रदीप अधर्म, अब्दुल्ला, पूजा शुक्ला भासिन और आलोक प्रताप यादव जैसे पार्टी नेताओं ने एसपी के वोटों में कटौती की साजिश के खिलाफ सतर्क रहने का आग्रह किया है।

# प्रयागराज में घूसखोर पंडित वेबसीरीज के खिलाफ प्रदर्शन

## राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) ने विरोध मे निर्देशक और कलाकारों का पुतला दहन किया

अखंड भारत संदेश

**पसना।** राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) ने प्रयागराज के सुभाष चौराहा, सिविल लाइन पर एक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। यह प्रदर्शन ₹घूसखोर पंडित₹ और ₹ट१ & ट१२ परशुराम₹ जैसी फिल्मों और वेब सीरीज में ब्राह्मण समाज के कथित अपमानजनक चित्रण के विरोध में था।

प्रदर्शन के दौरान, इन फिल्मों और वेब सीरीज के निमार्ताओं और कलाकारों के पुतले जलाए गए। संगठन ने स्पष्ट संदेश दिया कि ब्राह्मण समाज को अपमानित करने वाली किसी भी साजिश को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह विरोध उन निमार्ताओं, निर्देशकों और कलाकारों के खिलाफ था, जिन पर एक सम्मानित समाज की छवि को धूमिल करने का आरोप है।

सभा को संबोधित करते हुए ब्रह्मवाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विमल तिवारी ने कहा कि कुछ लोग पैसों के लालच में अपने सिद्धांतों और संस्कारों को गिरवी रखकर पूरे समाज को बदनाम करने का अपराध कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे लोग समाज के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि समाज की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचा रहे हैं, और उन्हें अपने कृत्यों पर शर्म आनी चाहिए।




पंडित तिवारी ने चेतावनी दी कि ब्राह्मण समाज केवल सहनशील ही नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष करने की क्षमता भी रखता है। उन्होंने कहा कि समाज ने अब तक संयम का परिचय दिया है, लेकिन यदि ब्राह्मण समाज के विरुद्ध झूठे, अपमानजनक और घृणात्मक नैरेटिव गढ़ने की साजिशें जारी रहीं, तो इसका जवाब राष्ट्रव्यापी स्तर पर सशक्त, संगठित और लोकतांत्रिक आंदोलन के रूप में दिया जाएगा।

विमल तिवारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी वर्ग विशेष के विरुद्ध नफरत फैलाना, अपमानजनक चित्रण करना और सामाजिक सौहार्द को तोड़ने का प्रयास अब असहनीय हो चुका है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज की सहनशीलता को उसकी कमजोरी समझने की भूल न की जाए, अब हर अपमान का जवाब उसी की भाषा में दिया जाएगा।

इस कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें स्वारिका भारद्वाज, सुनीता मिश्रा, सरला मिश्रा, पूनम द्विवेदी, अनीता मिश्रा, सौम्या ओझा, अन्नपूर्णा मिश्रा, मनीष पांडे, धीरज मिश्रा, सोम देव मिश्र, शैलेन्द्र मिश्रा, प्रदेश सचिव संजीव कुमार मिश्रा, जिला अध्यक्ष बृजेंद्र त्रिपाठी, विशाखा मिश्रा और कामेश्वर मिश्रा शामिल थे।

# सड़क हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत, पत्नी व अन्य परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** बाइक से अपनी ससुराल बहरिया जा रहे मजदूर की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडौर उतराव गांव निवासी कुंदन लाल का 26 वर्षीय पुत्र सतीश भारतीया सहसों में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बीते 31 जनवरी शनिवार की रात वह बाइक से अपनी ससुराल बहरिया जा रहा था। जैसे ही वह गारापुर के मलाका गांव के सामने पहुंचा, सामने से आ रही एक अनियंत्रित बाइक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई।

हादसे में सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,


मृतक सतीश भारतीया

जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज के एक निजी चिकित्सालय में ले गए, जहां इलाज के दौरान गुरुवार को सतीश ने दम तोड़ दिया। सतीश की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी प्रिया, मां रानी और ढाई वर्ष के मासूम पुत्र दीपक का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सही रणनीति से बन सकता है अच्छे अंकों का मजबूत आधार : डॉ आकांक्षा केशरी

## पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों के अभ्यास और बिंदुवार अध्ययन से मिलती है सफलता

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** गृह विज्ञान को अक्सर हल्के में ले लिया जाता है, लेकिन यही विषय रुचि और समझ के साथ पढ़ा जाए तो अच्छे अंक दिलाने में सहायक सिद्ध होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह विषय प्रयोगात्मक प्रकृति का है, जिसमें बहुविकल्पीय और अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के सही और सावधानीपूर्वक उत्तर देने पर अंक प्राप्त करना अपेक्षाकृत आसान हो जाता है। सही तैयारी के साथ विद्यार्थी आसानी से अच्छी डिवीजन बना सकते हैं।

गृह विज्ञान समूची जीवनशैली से जुड़ा विज्ञान है। इसमें मानव जीवन के लगभग हर पहलू का अध्ययन


डॉ आकांक्षा केशरी

शामिल है। विषय के अंतर्गत पाक शास्त्र, पोषण, गृह अर्थशास्त्र, उपभोक्ता विज्ञान, बाल विकास, बच्चों की परवरिश, मानव विकास, आंतरिक सज्जा, वस्त्र एवं परिधान तथा गृह निर्माण जैसे महत्वपूर्ण अध्याय पढ़ाए जाते हैं।

विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समय सीमा में उत्तर लिखने का नियमित अभ्यास करें। निदेर्शानुसार शब्द सीमा का पालन करना भी जरूरी है। साफ और सुंदर लिखावट अच्छे प्रभाव के साथ अंक बढ़ाने में मदद करती है। रटने के बजाय विषय को समझकर पढ़ें, तनाव से दूर रहें और सकारात्मक सोच बनाए रखें। उत्तर लिखते समय शीर्षकों का विशेष ध्यान रखें। पर्याप्त नींद लें और परीक्षा से पहले महत्वपूर्ण पाठों को बार-बार दोहराएं।

### परीक्षा के समय रखें इन बातों का ध्यान

- परीक्षा केंद्र पर कम से कम 30 मिनट पहले पहुंचें।
- प्रश्न पत्र मिलने पर उसे ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- जल्दबाजी से बचें और प्रश्न को समझकर उत्तर लिखें।
- यदि प्रश्न पहली बार में स्पष्ट न हो तो उसे दोबारा पढ़ें।
- यथासंभव प्रश्नों के उत्तर क्रमवार लिखें।
- परीक्षा के दौरान अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
- तरल पदार्थ का अधिक सेवन करें और भारी भोजन से बचें।
- बेहतर अंक पाने के उपयोगी सुझाव

### यह भी करें आजमाएं

बहुविकल्पीय और अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर विशेष सावधानी से दें। महत्वपूर्ण अध्यायों के संक्षिप्त और बिंदुवार नोट्स बनाएं, जिससे विषय को समझना और दोहराना आसान हो सके। परीक्षा से एक-दो दिन पहले तैयार नोट्स का पुनरावलोकन अवश्य करें। परीक्षा कक्ष में उत्तर लिखने में तेजी रखें, लेकिन गलतियों की गुंजाइश न छोड़ें। सभी प्रश्नों के उत्तर लिखने के बाद उत्तर पुस्तिका को एक बार जरूर जांच लें।सही योजना, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ गृह विज्ञान न केवल आसान विषय बन सकता है, बल्कि अच्छे अंकों की कुंजी भी साबित हो सकता है।

# पं. मोतीलाल नेहरू की पुण्यतिथि व खान अब्दुल गफ्फार खान की जयंती पर कांग्रेस के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार द्वारा शुक्रवार को इफ्को फूलपुर कारडेट में पंडित मोतीलाल नेहरू की पुण्यतिथि एवं सीमांत गांधी कहे जाने वाले खान अब्दुल गफ्फार खान की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम कांग्रेस गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें पार्टी कार्यकताओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित मोतीलाल नेहरू देश के महान स्वतंत्रता सेनानी, प्रख्यात राजनेता एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के शीर्ष अधिवक्ताओं में से एक थे। उन्होंने अपने जीवन में देश सेवा को सर्वोपरि रखा और 1919 व 1928 में दो बार कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। वे नेहरू-गांधी परिवार के मुखिया होने के साथ-साथ ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष करने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल थे। राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है और देश उनके योगदान के लिए सदैव ऋणी रहेगा। हमें उनके आदर्शों और चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। वहीं विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने खान अब्दुल गफ्फार खान के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 6 फरवरी 1890 को हुआ था।



उन्होंने लाल कुर्ती दल का गठन कर सामाजिक और राजनीतिक चेतना का प्रसार किया। खान साहब महात्मा गांधी के विचारों से अत्यंत प्रभावित थे और अहिंसा के प्रबल समर्थक रहे। वे पहले गैर-भारतीय थे जिन्हें वर्ष 1987 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके योगदान और शिक्षाएं आज भी देशवासियों के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यक्रम में जिला महासचिव सुनील पांडे, सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष श्याम जी धुरिया, हृदयानंद यादव, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद शमीम, आशीष यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई नव दिवसीय रामकथा

## प्रभु राम के राज्याभिषेक के साथ हुआ समापन

**बारा प्रयागराज।** शुक्रवार को सूर्या पैलेस पचखरा में आयोजित नव दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य समापन हुआ। विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ प्रताप सिंह के संयोजकत्व में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ा।

अधर्म पर धर्म की विजय कथा के विश्राम दिवस पर दतिया (मध्य प्रदेश) से पधारीं प्रख्यात कथा वाचिका साध्वी लीला भारती ने लंका विजय और भगवान राम की अयोध्या वापसी का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस तरह प्रभु श्री राम ने लंका में निशाचरों (राक्षसों) का अंत कर विभीषण को लंका का राज्य सौंपा और माता सीता व लक्ष्मण के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे। साध्वी जी ने रावण वध के प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि जब पाप का घड़ा भर जाता है, तब ईश्वर अवतार लेकर अधर्म का नाश करते हैं।

राम के आगमन पर अयोध्या



वासियों के हर्ष और दीपावली मनाने के प्रसंग को सुनकर पाण्डाल 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। कथा के अंत में प्रभु राम के प्रतीकात्मक राज्याभिषेक की झांकी सजाई गई, जिसकी भक्तों ने भावपूर्ण आरती उतारी गई।

कार्यक्रम के संयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह (विधायक प्रतिनिधि) ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शाम को पवन पाण्डे एवम टीम द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। आयोजक विश्वनाथ प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को भक्तिमय कार्यक्रम के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा जिसमें क्षेत्र के हजारों भक्त प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाएंगे। इस अवसर पर, स्नातक विधायक बाबूलाल तिवारी ,विद्रुप अग्रहरी, अनुज सिंह, राधेश्याम पाठक,अशोक राठौर, वीके सिंह, वन्दना सिंह, बब्बन सिंह,आदि सैकड़ों भक्त उपास्थित रहे।

# न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के चरणझ2 का भव्य और अनुशासित वातावरण में सफल समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर खेल भावना, उत्साह और विद्यार्थियों के जोश से सराबोर नजर आया।समापन अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रकाश चंद्र मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम है, बल्कि इससे बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है और विद्यालय हर कदम पर विद्यार्थियों के साथ खड़ा है।प्रतियोगिता के दौरान भाला फेंक, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, कबड्डी, दौड़, खो-खो और वॉलीबॉल सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का



परिचय दिया। सीनियर वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में दुर्गेश की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।व्यक्तिगत प्रदर्शन में सीनियर वर्ग में दुर्गेश ने प्रथम, अभिषेक शुक्ल ने द्वितीय तथा सिद्धार्थ तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 100 मीटर दौड़ (सीनियर वर्ग) में हर्ष तिवारी प्रथम, पंकज मिश्रा द्वितीय और अर्पित सिंह बघेल तृतीय स्थान पर रहे।

जूनियर वर्ग में भाला फेंक प्रतियोगिता में उगम सिंह ने प्रथम स्थान हासिल कर सबका ध्यान आकर्षित किया। 100 मीटर दौड़ जूनियर वर्ग में कार्तिकेय यादव प्रथम, आयुष सिंह द्वितीय तथा यश द्विवेदी तृतीय स्थान पर रहे।इस अवसर पर सत्येंद्र द्विवेदी, रवि सिंह, सुशांत वर्मा, इंद्रजीत मिश्र, नीतू सिंह सहित विद्यालय के अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं आयोजन समिति ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

## स्कूल हर दिन आएं एवं बच्चों की शिक्षा पर में हो परिवर्तन पर प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया

अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा के नेतृत्व में में 4 फरवरी से 6 फरवरी तक तीन दिवसीय स्कूल हर दिन आएं शिक्षण - प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड के 95 परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को सहभागी बनाया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को भाषा एवं गणित विषयों पर गतिविधि - आधारित शिक्षण एवं 90 दिवसीय योजना पर प्रशिक्षित किया गया। जबकि उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए हिंदी, गणित, विज्ञान, अंग्रेजी व सामाजिक विज्ञान विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सोरांव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हर दिन बच्चे स्कूल आएं कार्यक्रम में बच्चों की नियमित उपस्थिति के साथ-साथ उन्हें 90 दिनों में अपेक्षित सीखने के स्तर तक पहुँचाने



की ठोस पहल है। शिक्षक यदि योजनाबद्ध और बाल - केंद्रित शिक्षण अपनाएँ तो शैक्षिक गुणवत्ता में निश्चित सुधार होगा। प्रशिक्षण के संचालन में एआरपी रीता शर्मा, विपिन पांडेय, शांतिलाल चौरसिया, अभिनव उपाध्याय एवं अखिलेश शुक्ला की सक्रिय भूमिका रही। संदर्भदाता कंजिका पांडेय इस्माईलगंज प्रथम द्वारा विषयगत मार्गदर्शन प्रदान किया गया।समापन अवसर पर शिक्षकों ने संकल्प लिया कि वे हर बच्चा, हर दिन विद्यालय आएं, के लक्ष्य को साकार करने हेतु निरंतर प्रयास करेंगे।

# सहसों में दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा पर पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सम्पन्न

**सहसों।** ब्लॉक संसाधन केंद्र सहसों में दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण में विकास खंड के 35 परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सहसों वरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि शिक्षक का पद अत्यंत गरिमामय होता है। यह शिक्षकों का सौभाग्य है कि उन्हें दिव्यांग बच्चों को समझने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने प्रशिक्षित शिक्षकों से अपील की कि वे प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का उपयोग विद्यालयों में करते हुए दिव्यांग बच्चों की श्रेणी का परीक्षण करें और उसी के अनुरूप शिक्षा प्रदान करें,



जिससे वे स्वयं को अलग-थलग महसूस न करें और शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सकें। प्रशिक्षण के दौरान नोडल एआरपी महेश प्रताप यादव, कमल यादव, शिव अवतार साहू, मनोज यादव तथा स्पेशल एजुकेटर धीरेंद्र कुमार व प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ मित्रवत व्यवहार करने से ही वे खुलकर अपने विचार और भावनाएं व्यक्त कर पाएंगे, जिससे उनकी शैक्षिक प्रगति में सकारात्मक बदलाव आता है। कार्यक्रम में महिला शिक्षक संघ सहसों की अध्यक्ष शिखा पांडेय सहित रवि दुबे, राज कुमार गिरि, अशेषानंद, संजय कुमार, मोहम्मद अख्तर, राकेश यादव, रीता देवी, मनोज मौर्या, अरूण वर्मा, उग्रसेन सिंह तोमर, लल्लन सिंह, कांति शुक्ला, बेबी लता सिंह समेत अन्य शिक्षक एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# बेसमेंट खुदाई के दौरान दीवार गिरी, तीन मजदूर घायल

## शाहगंज क्षेत्र में सौदागर मस्जिद के पास हादसा, अस्पताल में भर्ती

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** शाहगंज इलाके में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सौदागर मस्जिद के बेसमेंट की खुदाई के दौरान एक दीवार भरभराकर गिर गई। हादसे में काम कर रहे तीन मजदूर मलबे की चपेट में आकर घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बताया जा रहा है कि मस्जिद परिसर में बेसमेंट निर्माण के लिए खुदाई का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक पास की दीवार कमजोर होकर गिर गई, जिससे मजदूर उसके नीचे दब गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह भी देखा जा रहा है कि निर्माण कार्य नियमों के अनुरूप किया जा रहा था या नहीं। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल रहा।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल की मौत, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** सोरांव थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरी निवासी इरशाद अली 30 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मुंशीरजा ट्रक की पेंटिंग का काम करते हैं। बताया गया है कि गुरुवार को देर शाम इरशाद अली हरिसेगंज बाजार आ रहा था तभी प्रतापगढ़ की ओर से आ रही तीव्र गति के चार पहिया वाहन ने इरशाद को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह सडक पर तड़पने लगा।चार पहिया अज्ञात वाहन प्रयागराज की ओर भाग गया।जख्मी इरशाद को अस्पताल ले जाते समय वह रास्ते में ही दम तोड दिया। इरशाद की मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। शुक्रवार को सुबह मृतक के छोटे भाई मुबारक अली ने मऊआइमा थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मृतक इरशाद के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक इरशाद अविवाहित था वह ट्रक में पेंटिंग का काम करता था। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक तीन बहनों तीन भाईयों में बडे भाई बहन से छोटा था।

# सड़क खराब होने से बाइक सवार गिरा, गंभीर हालत में प्रयागराज रेफर, भारतगंज की घटना

**अखंड भारत संदेश**



**मांडा।** भारतगंज में खराब सड़क के कारण एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। 37 वर्षीय अजय कुमार बिंद शुक्रवार दोपहर अपनी बाइक से गिर गए, जिसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए मांडा सीएचसी ले जाया गया। गंभीर चोटों के चलते उन्हें प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया गया।

यह घटना राजापुर कर्णावती नदी के समीप हुई। अजय कुमार बिंद अपने घर बंगलिया गांव से भारतगंज बाजार जा रहे थे। रास्ते में पहाड़ी और गड्ढों वाली सड़क के कारण उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे गिर गए।

सूचना मिलने पर भारतगंज चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह और उनके सिपाही मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल अजय कुमार को तत्काल मांडा सीएचसी पहुंचाया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल रेफर कर दिया।

घायल को 108 एंबुलेंस से प्रयागराज ले जाया गया। दुर्घटनाग्रस्त बाइक को भारतगंज पुलिस चौकी पर रखा गया है।

## विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता का लंबी बीमारी से निधन, भाजपा कार्यकर्ताओं में शोक

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ नेता नैनी बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारी एवं भारतीय जनता पार्टी से चुनाव लड़ चुके, जीतराम अग्रवाल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन से नैनी क्षेत्र के व्यापारियों, नागरिकों तथा भाजपा कार्यकताओं में शोक की लहर दौड़ गई है। वही उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, पार्षद राकेश जयसवाल, पार्षद अनुप पासी, नैनी व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष केशरवानी, मंडल अध्यक्ष रजत दुबे, दिलीप केसरवानी, राजन शुक्ल, नरसिंह, बबलू तिवारी, मुकेश भारतीय, रमेश केसरवानी, संजय गुप्ता, लाल जी जयसवाल, चंद्रबली जाटव, विनय जयसवाल बाबा, धर्मराज पटेल, बुलबुल राव, विनोद जयसवाल, राजकुमार चौरसिया, मंटू सिंह, देवी लाल, बच्चा जयसवाल, मयंक यादव, राजेश अग्रवाल, रवींद्र अग्रवाल, रामकृष्ण केशरवानी, राधेश्याम गुप्ता, रामगोपाल अग्रवाल एवं अशोक अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे। यह जानकारी नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल ने दी।

## दोषपूर्ण विवेचना पर कोर्ट नाराज, कहा-लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करें

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हत्या में ट्रायल कोर्ट की ओर से आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील खारिज कर दी। साथ ही पुलिस विवेचना पर नाराजगी जताई। कहा लापरवाह पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच की जाए। दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई हो, भले ही वे सेवानिवृत्त क्यों न हो चुके हों। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ.अजय कुमार (द्वितीय) की खंडपीठ ने इंद्रवती देवी की अपील पर दिया है।उतरांव थाना क्षेत्र में 22 नवंबर 2015 को सरजू प्रसाद पटेल की हत्या हुई थी। पुलिस ने पंकज मिश्रा सहित अन्य को गिरफ्तार कर हथियार बरामदगी का दावा किया था। हालांकि, ट्रायल कोर्ट ने 10 सितंबर 2025 को सबूतों के अभाव और गवाहों के मुकरने के कारण सभी को बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ मृतक के परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील दायर की।कोर्ट ने सुनवाई के दौरा पाया कि हत्या में प्रयुक्त हथियार और कारतूस को फॉरेंसिक जांच के लिए नहीं भेजा गया। आरोपियों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। विवेचना अधिकारी और इंस्पेक्टर ने जिम्मेदारी एक-दूसरे पर टाली। कोर्ट ने प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया है कि यदि विवेचना रिपोर्ट दोषपूर्ण मिले तो संबंधित पुलिस प्रमुख को सूचित करें। साथ ही आदेश की प्रति सभी पुलिस कप्तानों और न्यायिक अधिकारियों को भेजने का निर्देश दिया है, ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो।

# टायर कारोबारी की गिरफ्तारी और केस वापसी की मांग, आईजी कार्यालय पर धरना

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस क्षेत्र में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट के मामले और प्रतापगढ़ के महेशगंज थाने में अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में अधिवक्ता पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और सड़क जाम कर दिया। इससे आवागमन बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने सिविल लाइंस में अधिवक्ताओं के साथ मारपीट करने वाले टायर कारोबारी की तत्काल गिरफ्तारी और महेशगंज थाने में दर्ज मुकदमे को वापस लेने की मांग की। अधिवक्ताओं ने आईजी पर अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की। पुलिस के अनुसार, महेशगंज थाने में तैनात दरोगा शिवा प्रजापति दो फरवरी की रात गश्त पर थे। रात करीब 11.15 बजे हीरागंज बाजार स्थित एक गेस्ट हाउस के पास द्वारपूजा में जा रही एक बरात और महेशगंज थाना क्षेत्र के अन्नावा निवासी ट्रक चालक संजीव मौर्य के बीच मारपीट की सूचना मिली। मौके पर मौजूद कुछ लोग खुद को अधिवक्ता बता रहे थे। विवाद बढ़ने पर चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मियों को बुलाया गया।

दरोगा की तहरीर पर धूमनगंज थाना क्षेत्र के राजरूपपुर निवासी उमापति त्रिपाठी, झलवा निवासी हिमांशू अग्रहरि, वीरेंद्र सिंह, राजा शुक्ला, अंशुमान, अवनीश शुक्ला और कालिंदीपुर निवासी ओसामा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। रात में हिरासत में लिए गए लोगों के समर्थन में कई अधिवक्ता थाने पहुंच गए, जहां थानाध्यक्ष राधेश्याम और अधिवक्ताओं के बीच कहासुनी हो गई।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, सीओ सदर करिश्मा गुप्ता के निर्देश पर दरोगा से विवाद करने और ट्रक चालक के साथ मारपीट करने के आरोप में संबंधित लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, अधिवक्ताओं का कहना है कि मामले में एकतरफा कार्रवाई की गई है। स्थिति को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

# बच्चों का शैक्षिक एक्सपोजर भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न

### बच्चों ने जाना पर्यावरण संरक्षण, नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग व महत्व

**अखंड भारत संदेश**





**सोरांव।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत सोरांव विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों के 100 बच्चों का शुक्रवार फूलपुर स्थित इफ्को फर्टिलाइजर फैक्ट्री में शैक्षिक एक्सपोजर विजिट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की बसों को खंड शिक्षा सोरांव सुमन मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर व्यावहारिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुभव प्राप्त करने, नवाचार के प्रति जिज्ञासा विकसित करने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को समझने के लिए प्रेरित किया। उनके सशक्त नेतृत्व, सतत मार्गदर्शन एवं निरंतर सहयोग से यह शैक्षिक भ्रमण सुव्यवस्थित एवं अनुशासित रूप से संपन्न हुआ। एक्सपोजर विजिट का कुशल संचालन विज्ञान के एआरपी अखिलेश शुक्ला, गणित की एआरपी रीता शर्मा एवं संत लाल चौरसिया के समन्वय से किया गया। फैक्ट्री परिसर में प्राचार्य डॉ. डी. के. सिंह द्वारा बच्चों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के उपयोग, महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण में उनकी भूमिका के विषय में जानकारी दी गई। वहीं मुकेश तिवारी जूनियर असिस्टेंट द्वारा नैनो उर्वरकों के 90% तक प्रभावी उपयोग, मिट्टी प्रदूषण में कमी तथा आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि तकनीकों की विस्तृत एवं सरल जानकारी प्रदान की गई। भ्रमण के दौरान बच्चों की सुरक्षा, अनुशासन एवं समुचित देखरेख को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी सुमन मिश्रा मैम द्वारा विशेष निर्देश दिए गए। उनके निर्देशानुसार बस यात्रा से लेकर फैक्ट्री भ्रमण तक प्रत्येक चरण में बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। साथ ही बच्चों से विषय से संबंधित प्रश्न-उत्तर कराए गए तथा जहाँ आवश्यकता पड़ी, वहाँ उन्हें सरल शब्दों में समझाया गया, जिससे उनकी जिज्ञासा और सीखने की रुचि और अधिक बढ़ी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद सिंह, अनुराग तिवारी, संदीप, सुनीता देवी, सुषमा गोस्वामी, अंकिता चौरसिया, खुशनुमा बानो, गायत्री यादव, बृजेश यादव एवं अमरीश शुक्ला का सराहनीय एवं सक्रिय सहयोग रहा। यह शैक्षिक एक्सपोजर विजिट बच्चों के ज्ञानवर्धन, वैज्ञानिक सोच के विकास एवं भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

## विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाई

**मांडा।** थाना क्षेत्र के बघौरा खवासान गांव में एक विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर मांडा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। मृतका की पहचान बसंत लाल यादव की बहू महिमा देवी (27) पत्नी लालू यादव के रूप में हुई है। उनकी शादी सात साल पहले हुई थी और उनका एक चार वर्षीय बेटा कृष्णा यादव है। मृतका के पति लालू यादव पिछले पांच-छह महीने से जीवन यापन के लिए बाहर प्राइवेट नौकरी कर रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही वह रोते हुए घर के लिए रवाना हो गए हैं। मृतका के ससुराल वालों ने बताया कि बसंत लाल यादव की पत्नी जब उनके बच्चे छोटे छोटे थे तभी निधन हो गया था । पुलिस ने मृतका के मामा सुरेश के इत्तेफाकिया पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शहर भेज दिया। मौके पर मृतका के मायके और ससुराल दोनों पक्ष के लोग मौजूद थे, लेकिन उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए शव भेज दिया गया है और परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# किसी भी प्रतियोगिता में हार और जीत उस प्रतियोगिता का है एक अहम हिस्सा : दुर्गा प्रसाद गुप्ता

## सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त एमएल पब्लिक स्कूल में संचालित पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के चौथे दिन एमएल वैरियर और एमएल ब्लास्टर क्रिकेट टीम के मध्य खेले गए मैच में वैरियर टीम रही विजेता ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

### प्रतियोगिता का समापन होगा आज,मुख्य अतिथि प्रयागराज के जनप्रिय सांसद कुंवर उज्जवल रमण सिंह विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी मेडल और प्रमाण पत्र देकर करेंगे सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**



एमएल पब्लिक स्कूल कैंपस में चौथे दिन क्रिकेट खेलते खिलाड़ी

**मेजा।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त मेजा क्षेत्र के बगहा सिरसा स्थित एमएल पब्लिक स्कूल में संचालित पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के चौथे दिन एमएल वैरियर और एमएल ब्लास्टर के बीच 6 ओवर का क्रिकेट मैच खेला गया जिसमें एमएल वैरियर टीम के कप्तान हर्षित ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 6 ओवर में 4 विकेट गवांकर 39 रन बनाए जबकि एमएल ब्लास्टर टीम के कप्तान हिमांशु पटेल एवं उनके सहयोगी टीम के खिलाड़ियों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 ओवर में 16 रन बनाकर आल आउट हो गई। इस दौरान वैरियर टीम के बालर अंश यादव ने एक मेडन ओवर के साथ बालिंग करते हुए हैट्रिक विकेट लेते हुए कुल पांच विकेट चटकाए इस प्रकार एमएल वैरियर टीम प्रतियोगिता में विजई रही और जीत का खिताब अपने नाम कर लिया। उल्लेखनीय है कि खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज होगा जिसके मुख्य अतिथि प्रयागराज के जनप्रिय सांसद कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह होंगे। मुख्य अतिथि के द्वारा ही संचालित पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता और प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता ने प्रतिभागी बच्चो का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में हार और जीत होना खेल का एक हिस्सा है इसलिए खेल में हारने वाले बच्चो को निराश नहीं होना चाहिए बल्कि आगे जीत हासिल करने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश उपाध्याय , शिक्षक गौरव पांडेय, लवलेश यादव, कमलेश शर्मा, नवदीप यादव, अविनाश, मनोज, रिशु, विपुल यादव, विपिन शुक्ला प्रभांशु दुबे, दिव्यांशु गुप्ता, मोहन मिश्रा, विजय जैसल, आकाश गुप्ता, नेहा गुप्ता, सविता शुक्ला, इति सिंह तथा पूजा त्रिपाठी आदि के अलावा बड़ी संख्य में दर्शक लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में बतौर अतिथि शिरकत किए एसडीएम और चिकित्साधिकारी

## राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा संचालित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन,मुख्य अतिथि एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव और वि.अ.चिकित्साधिकारी डा बबलू सोनकर ने छात्राओं का बढ़ाया हौसला

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** राजकीय महिला पालिटेक्निक मेजा प्रयागराज में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026 के दूसरे दिन 400 मी० दौड, लम्बीकूद ऊंची कूद आदि खेलों में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सुरेंद्र प्रताप यादव तथा चिकित्साधिकारी मेजा डॉक्टर बबलू सोनकर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य शैलेन्द्र विक्रम द्वारा अतिथियों का स्वागत कैप पहनाकर तथा वैज लगाकर किया गया। इस दौरान एसडीएम सुरेंद्र प्रताप यादव ने छात्राओं को खेलों के लाभ तथा टीम विकास भावना के बारे में बताकर, खेलों का महत्व समझाया। शनिवार की प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि के समक्ष 100 मी० तथा 200 मी० की फाइनल दौड़ का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी मेजा द्वारा विजयी छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुकावलो में ममता कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष तीन गोल्ड मेडल के साथ 20 अंक लेकर कॉलेज की स्पोर्टस चेम्पियन 2026 घोषित की गई जबकि आंचल पटेल एक गोल्ड तथा दो सिल्वर के साथ 19 अंक लेकर रनर अप चेम्पियन 2026 घोषित हुई। प्रतियोगिता का समापन प्रधानाचार्य द्वारा उपजिलाधिकारी मेजा पूर्व अधीक्षक तथा चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा, प्रभारी फायर स्टेशन मेजा को धन्यवाद ज्ञापित कर किया गया। इस मौके पर कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग नवीन चन्द्र भारीव, विभागाध्यक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग डॉ विनोद कुमार त्रिपाठी, सुनीता कुमारी शाह, डॉ धनंजय कुमार सिंह, डॉ त्रिलोक कुमार पाठक, मोनिका मौर्य, श्रद्धा श्रीवास्तव, माया दिवाकर, मनोज कुमार, पीयूष कुमार मिश्रा, डॉ रंजीत श्रीवास्तव, अभिजीत सिंह, गौरव उत्तम, सुश्री सुजाता चंद्रा, राजेश कुमार, अनामिका आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# श्री सच्चा बाबा आश्रम में बटुक ब्रह्मचारियों का भव्य' यज्ञोपवीत संस्कार'

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** नैनी अरैल स्थित श्री सच्चा बाबा आश्रम के परिसर में पूज्यपाद गुरुदेव भगवान संत श्री सच्चा बाबा महाराज के दिव्य सानिध्य में एक भव्य 'यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार' समारोह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में आश्रम में अध्ययनरत बटुक ब्रह्मचारी बड़ी संख्या में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जनेऊ धारण कर अपने आध्यात्मिक जीवन की शुरूआत की। कार्यक्रम का आयोजन संत-संघ श्री सच्चा बाबा आश्रम एवं श्री सच्चा अध्यात्म संस्कृत महाविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया आश्रम के महंत एवं संरक्षक स्वामी डॉ चन्द्रदेव महाराज ने बटुकों को मंत्र दीक्षा दी एवं बताया की यज्ञोपवीत संस्कार भारतीय संस्कृति के सोलह संस्कारों में से एक अत्यंत महत्वपूर्ण संस्कार है, जो बालक को संयम और ज्ञान के मार्ग पर अग्रसर करता है एवं महंत ने बटुकों को आशीर्वाद देकर गायत्री की उपासना त्रिकाल संध्या करने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बटुक ब्रह्मचारी के परिवार जन, आश्रम के अध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज, मंत्री प्रवेश ब्रह्मचारी, डॉ शत्रुघ्न ब्रह्मचारी, प्राचार्य श्री कृष्ण, अमित ब्रह्मचारी, संत सौरभ महाराज, आचार्य शंभुनाथ, हरिशंकर, आचार्य वेद प्रकाश, आचार्य रमेशचन्द्र आदि उपस्थित रहे तत्पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अज्ञात युवती का शव नहर पटरी से बरामद

**मऊआइमा।** थाना क्षेत्र के ग्राम भवानीगढ़ ग्राम सभा के हटिया, गोवर्धनपुर से बहरिया जाने वाली सड़क के किनारे, शारदा सहायक नहर के पटरी पर शुक्रवार को सुबह एक अज्ञात युवती का शव ग्रामीणों ने देख कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।शव किस युवती की है।इसकी शिनाख्त में पुलिस जुटी हुई है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का सही नाम मानवी पुत्र सुरजीत है जो कि उसके शैक्षिक अभिलेख में अंकित है त्रुटिवश मेरी पुत्री के आधार कार्ड संख्या 3592 77 054 469 में उसका नाम अंशुमन प्रजापति अंकित हो गया है जो कि गलत है भविष्य में मेरी पुत्री को उसके सही नाम मानवी पुत्री सुरजीत के नाम से जाना वा पहचाना जाए। **सुरजीत पुत्र राजाराम निवासी ग्राम गढ़ी बाजार, पोस्ट अँधावा पश्चिम शरीरा, कौशांबी, उत्तर प्रदेश 212214**

# मानसिक रोगियों की बदहाल स्थिति पर महिला आयोग सदस्य नाराज, दी अंतिम चेतावनी

## महिला आयोग की सदस्य ने विभिन्न स्थलों का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा द्वारा भुलियापुर स्थित वन स्टाप सेन्टर, आंगनबाड़ी केन्द्रध्प्राथमिक विद्यालय भुलियापुर, जिला महिला चिकित्सलय, चिलबिला स्थित वृद्धाआश्रम व जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेन्टर में 03 महिलाये निरूद्ध थी जिनसे महिला आयोग की सदस्य ने सेन्टर में मिलने वाली सुविधाओं व उनकी समस्याओं को जाना। इसके उपरान्त आंगनबाड़ी केन्द्र भुलियापुर का निरीक्षण कर बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा की जानकारी ली, साथ ही 01 बच्चे का अन्न प्रासन्न व 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की। उन्होने आंगनबाड़ी कार्यकत्री को गर्भवती महिलाओं की समय-समय देखभाल करती रहे व चिकित्सा उपचार कराने का निर्देश दिया, साथ ही गर्भवती महिलाओं को शुभकामना दी। इस दौरान आंगनबाड़ी के बच्चों को विस्कुट देकर आंगनबाड़ी केन्द्र आने के लिये प्रोत्साहित किया, साथ ही प्राथमिक विद्यालय भुलियापुर का भी निरीक्षण किया जिसमें बाल शौचालय व बाउण्ड्रीवाल बनवाने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि यहां पर सफाई कर्मी के न आने पर महिला शौचालय गन्दा रहता है जिससे समस्या का सामना करना पड़ता है जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि सफाई कर्मी से समय-समय पर सफाई करायी जाये। इसके उपरान्त महिला आयोग की सदस्य द्वारा जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया



गया और प्रत्येक वार्डो में भर्ती महिलाओं से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली, साथ ही महिलाओं को फल का वितरण किया व स्वास्थ्य होने की शुभकामना दिया। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को यह भी निर्देशित किया कि वार्डो में भर्ती महिलाओं व बच्चों का उचित देखभाल की जाये और सभी सुविधायें मुहैया करायी जाये।

महिला आयोग की सदस्य द्वारा चिलबिला स्थित वृद्धाआश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धआश्रम में वास वेशिंग गन्दा पाया गया, मानसिक विक्षिप्त महिलाओं के कक्ष को देखा गया जो काफी गन्दा पाया गया, गद्दे व फर्श काफी बदबूदार थे, भोजनध्फल की गुणवत्ता भी अत्यधिक खराब थी और साथ ही मानसिक विक्षिप्त महिलाओं की देखरेख भी ठीक ढंग से नहीं की जा रही थी जिस पर महिला आयोग की सदस्य द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये वृश्राआश्रम के प्रबन्धक अम्बिका प्रसाद को कड़ी फटकार लगाते हुये कहा कि यदि शिवा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान कानपुर द्वारा संचालित संस्था दो दिवस में यदि स्वच्छता पर ध्यान न दिया गया तो संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की जायेगी, साथ ही मौके पर उपस्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी को भी निर्देशित किया कि दो दिवस के अन्दर सभी कार्यप्रणाली यदि ठीक ढंग से न कराया गया तो आपके विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने जिला कारागार का निरीक्षण कर महिला कैदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का जाना और कहा कि भविष्य में ऐसी गलती न करें जो यहां पर आना पड़े, साथ ही महिला कैदियों को चित्रकलाध्क्रोशिया व शिक्षा हेतु प्रेरित किया तथा कारागार में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होने जिला कारागार में स्थापित आंवला प्रसंस्करण केंद्र आंवलाकृति को देखा जिसमें महिला बंदियों द्वारा निर्मित आंवला के विभिन्न उत्पाद जैसे जूस, अचार, मुरब्बा, बर्फी, लड्डू इत्यादि बनाया जाता है। उन्होने जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी से कहा कि महिलाओं द्वारा तैयार किये गये उत्पाद को बाजार व प्रदर्शनी आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार कर विक्रय पर चर्चा की गयी। जिला कारागार में महिला बंदियों को उमंग स्वयं सहायता समूह की प्रशिक्षिका रीता बैनर्जी द्वारा आंवला व अन्य उत्पादां का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है जिसको महिलाये सुचारू रूप से सभी उत्पाद तैयार करती है। इस दौरान महिला बन्दियों के छोटे बच्चों को खाने की सामग्री भेट की गयी। निरीक्षण के दौरान बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्यायें

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकास भवन के सभागार में जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक की।

महिला जनसुनवाई के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य के समक्ष कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुईं। जनसुनवाई के दौरान रीता देवी, निवासी जहनईपुर ने शिकायत की कि उनके पति अशोक सरोज का एक दुर्घटना में गंभीर एक्सीडेंट हो गया था, जिसमें उनके हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। इलाज के दौरान एक पैर काटना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद जख्म अभी तक ठीक नहीं हो पाया है। आर्थिक तंगी के कारण इलाज संभव नहीं हो पा रहा है और घाव अब तक ठीक नहीं हुआ है। इस पर महिला आयोग की सदस्य ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पर नाराजगी जताते हुए तत्काल इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनसुनवाई के



दौरान अन्य शिकायतों को भी महिला आयोग की सदस्य ने गम्भीरतापूर्वक सुना। आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए और कहा कि महिला उत्पीड़न के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो भी महिला उत्पीड़न सम्बन्धी शिकायतें है उसका निस्तारण गम्भीरता पूर्वक समय से अधिकारी करें और इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि शासन की योजनाओं का लाभ महिलाओं को दिया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों और महिलाओं के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित। जनसुनवाई के उपरान्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गयी और अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित जो भी शिकायते प्राप्त होती है उसे प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाये। बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ईट-भट्ठो पर अधिक संख्या में महिलायें कार्य कर रही है, भट्ठो पर शौचालय न होने के कारण उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है जिसके लिये सभी भट्ठा स्वामियों की बैठक करते हुये निर्देशित किया कि जाये कि अपने-अपने भट्ठों पर महिलाओं की सुविधा हेतु शौचालय अवश्य बनवाये। उन्होंने अधिकारियों से जरूरतमंद महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने और उन्हें लाभान्वित करने के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने बाल विवाह मुक्त की शपथ भी दिलायी। बैठक के उपरान्त महिला आयोग की सदस्य ने विकास भवन परिसर से बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के रथ का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। बैठक में उपजिलाधिकारी सीमा भारती, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेट व जेआरएफ परीक्षा में मेधावियों की सफलता पर जतायी गयी खुशी



प्रशान्त मिश्र



कुंवर आदित्य सिंह

**लालगंज।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित यूजीसी नेट परीक्षा परिणाम में क्षेत्र के मेधावियों की सफलता पर लोगों ने खुशी जतायी है। लालगंज क्षेत्र के सारीपुर गांव निवासी प्रशांत मिश्र ने इतिहास विषय में 92 फीसदी अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है। मेधावी की सफलता पर पिता विवेक मिश्र, मां कल्पना मिश्र, पंकज मिश्र आदि ने खुशी जतायी है। वहीं गौखाड़ी निवासी मेधावी कुंवर आदित्य सिंह पुत्र अभय प्रताप सिंह ने अर्थशास्त्र विषय से 95 फीसदी अंक हासिल कर सफलता हासिल की। उधर जेआरएफ परीक्षा में रामगंज तिवारीपुर भोजपुर निवासी कार्तिकेय त्रिपाठी पुत्र सुजीत त्रिपाठी की सफलता पर महंत मयंक भाल गिरि, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, संजीत तिवारी, सुधीर तिवारी, आचार्य उपेन्द्र मिश्र, शिवाकांत पाण्डेय, सोनू तिवारी, सुरेश तिवारी आदि ने खुशी जतायी है।



कार्तिकेय त्रिपाठी

# जाम में फंसी एंबुलेंस, आधे घंटे तक रेंगते रहे वाहन





## राहगीरों को भारी परेशानी, यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

**पट्टी।** नगर में शुक्रवार को भीषण जाम की स्थिति देखने को मिली, जब सड़क पर लगे जाम में एक एंबुलेंस फंस गई। करीब आधे घंटे तक एंबुलेंस सहित अन्य वाहन रेंगते रहे, जिससे मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाने में भारी दिक्कत हुई। जाम के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को भी आवागमन में गंभीर असुविधा का सामना करना पड़ा। सबसे चिंताजनक बात यह रही कि मौके पर यातायात पुलिस पूरी तरह नदारद रही, जिससे स्थिति और बिगड़ती चली गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में आए दिन लगने वाले जाम ने आम जनजीवन को प्रभावित कर दिया है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों ने मांग की है कि यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि आपातकालीन सेवाओं को जाम की भेंट न चढ़ना पड़े।

# सीडीओ ने विद्यालय व खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय का किया निरीक्षण

## जनसमस्याओं को सुनकर 7 दिवस में निस्तारण का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा द्वारा विकास खण्ड सदर की ग्राम पंचायत भुवालपुरडोमी में आयोजित ग्राम चैपाल कार्यक्रम में जनसमस्याओं को सुना और 7 दिवस में शिकायत का निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिया। ग्राम चैपाल कार्यक्रम में ग्रामवासियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। सीडीओ ने चैपाल में शासन द्वारा संचालित योजनाओं में चयनित लाभार्थियों को नियमानुसार अधिकतम लाभ प्रदान करने तथा पारदर्शी तथा समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान सीडीओ ने 3 बच्चो का अन्न प्रासन्न व 3 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्रध्स्वीकृति पत्र, लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र व समूह की महिलाओं को महिलाओं को 2 करोड़ 28 लाख 40 हजार का डेमो चेक प्रदान किया। ग्राम चैपाल कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टाल का सीडीओ व जनसामान्य ने अवलोकन भी किया। इस अवसर





पर परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्योति शाक्य व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरान्त सीडीओ ने उच्च प्राथमिक विद्यालय भुवालपुर डोमीपुर के निरीक्षण के दौरान संचालित कक्ष में उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने व निर्मित शौचालयों की निरन्तर साफ-सफाई कराये जाने का निर्देश दिया। ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में स्थापित स्मार्ट टी0वी0 संचालित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया गया। विद्यालय में अधिष्ठापित हैण्डपम्प के पास नियमानुसार शोकपिट बनवाये जाने का निर्देश दिया गया व विद्यालय में स्थापित आरओ वाटर प्लान्ट को निरन्तर संचालित कराये जाने हेतु निर्देशित किया कि जिससे विद्यालय के छात्रों को शुद्ध पेयजल प्राप्त होता रहे। खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सुखपालनगर सदर के निरीक्षण में कार्यरत सभी कर्मचारी उपस्थित पाये गये तथा परिसर में संचालित पीएम श्री विद्यालय सुखपालनगर के निरीक्षण में विद्यालय की स्थिति संतोषजनक पायी गयी तथा उपस्थित बच्चों से मिड-डे-मील में भोजन आदि प्राप्त होने के सम्बन्ध में पूछने पर बताया गया कि नियमित रूप से भोजन प्राप्त होता है। इस दौरान सीडीओ ने बच्चों से पठन-पाठन के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।

## न्यूज झरोखा

### यूजीसी नेट में हिमांशु पांडे को मिली सफलता



**पट्टी।** नगर स्थित प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज के अध्यापक सतीश पांडे के बड़े सुपुत्र हिमांशु पांडे ने यूजीसी नेट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि विद्यालय और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हिमांशु पांडे की इस उल्लेखनीय उपलब्धि की जानकारी मिलते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उल्लास का माहौल बन गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र ने हिमांशु पांडे को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, निरंतर अध्ययन और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने हिमांशु के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करते हुए आशा जताई कि वह आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेंगे। विद्यालय परिवार के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने भी हिमांशु पांडे की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### ध्रुव चरित्र की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता



**बेलखरनाथ धाम।** क्षेत्र के करनपुर खूझी में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य उमेश कुमार फलाहारी ने ध्रुव और सती चरित्र का प्रसंग सुनाया। ध्रुव चरित्र सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथावाचक ने कहा कि भगवान शिव की अनुमति लिए बिना उमा अपने पिता दक्ष के यहां आयोजित यज्ञ में पहुंच गईं। यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण नहीं दिए जाने से कुपित होकर सती ने यज्ञ कुंड में आहुति देकर शरीर त्याग दिया। इससे नाराज शिव के गणों ने राजा दक्ष का यज्ञ विध्वंस कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि जहां सम्मान न मिले वहां कदापि नहीं जाना चाहिए। ध्रुव का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि सौतेली मां से अपमानित होकर बालक ध्रुव कठोर तपस्या के लिए जंगल को चल पड़े। बारिश, आंधी-तूफान के बावजूद तपस्या से न डिगने पर भगवान प्रगट हुए और उन्हें अटल पदवी प्रदान की। इस दौरान मुख्य यजमान जगदीश प्रसाद तिवारी, मनोज तिवारी, मुकेश तिवारी, राज नारायण तिवारी, देवनारायण तिवारी, छवि नारायण तिवारी, राम कृपाल दुबे, प्रेम शंकर पांडे, राधेश्याम पांडे सहित अन्य लोग कथा में मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का वांछित धराया, भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** दुष्कर्म, पास्को व एससीएसटी एक्ट के वांछित आरोपी को सांगीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। दरोगा राजीव कमल पाण्डेय पुलिसबल के साथ सुबह गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर डभियार तिराहे के पास से आरोपी राजकरन शर्मा पुत्र जोखू निवासी बरेंद को गिरफ्तार किया। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### मवेशी के विवाद में मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मवेशी के विवाद में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर गांव निवासी चन्द्रिका सिंह पुत्र स्व0 शिव बहादुर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच फरवरी को सुबह करीब नौ बजे खेत से मवेशी ले जाने के विवाद में गांव की मालती पत्नी ओमप्रकाश यादव ने गाली देते हुए मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महोत्सव की तैयारियों की आज समीक्षा करेंगे प्रमोद तिवारी

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को पौने एक बजे बाबा घुइसरनाथ धाम आयेंगे। यहां वह दर्शन-पूजन के उपरांत महाशिवरात्रि पर होने वाले परम्परागत राष्ट्रीय एकता महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह साढे. ग्यारह बजे अगई मोड़ पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

### जिला कारागार से इलाज के लिए भेजे गए विचाराधीन बंदी की अस्पताल में मौत

**प्रतापगढ़।** जेल अधीक्षक जिला कारागार ऋषभ द्विवेदी ने बताया है कि विचाराधीन बंदी विनोद कुमार शुक्ला पुत्र जगदम्बा शुक्ला निवासी-शुकुलपुर थाना-अन्तू अ0सं0-406ध्2023, धारा-304 आईपीसी के वाद में न्यायालय प्रतापगढ़ के आदेश से दिनांक-23.09.2023 से जिला कारागार प्रतापगढ़ में निरूद्ध था। बंदी विनोद कुमार शुक्ला पुत्र जगदम्बा शुक्ला के सीने में दर्द की शिकायत पर कारागार चिकित्सक द्वारा उपचार दिया गया। कारागार चिकित्सक द्वारा बंदी के बेहतर जाँचध्उपचार हेतु परामर्शित करने बंदी को जेल गार्द की अभिरक्षा में जेल ऐबुलेंस से बेहतर उपचार के लिये आज दिनांक 06.02.2026 को समय 08:22 बजे जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ भेजा गया। बंदी के साथ उपस्थित जेल वार्डर विकास यादव द्वारा समय-09:11 बजे कारागार के मुख्य गेट के दूरभाष पर बंदी के मृत्यु होने की सूचना दी गयी। बंदी के परिजनों को सूचित कर दिया गया है एवं अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**कुंडा।** बाघराय पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी हीरागंज मोड़ के पास से की गई। अभियुक्त गैंगस्टर एक्ट से संबंधित एक मामले में वांछित था। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान शैलेन्द्र मिश्रा उर्फ नीटू (37) पुत्र लाखन मिश्रा के रूप में हुई है। वह बभनपुर कमाजींत पट्टी, थाना बाघराय, जनपद प्रतापगढ़ का निवासी है। पुलिस ने उसे थाना क्षेत्रान्तर्गत हीरागंज मोड़ के पास से पकड़ा। गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाठक, उपनिरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल रणजीत कुमार और चालक कांस्टेबल सौरभ शर्मा शामिल रहे।

# जमीन विवाद में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के हण्डौर गांव की शकुन्तला देवी पत्नी अर्जुन सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक फरवरी को दोपहर करीब एक बजे वह अपनी देवरानी शकुंतला पत्नी रामपियारे सरोज, गुड़ान पत्नी विमलेश सरोज, तारा देवी पत्नी दिनेश सरोज तथा अपनी पुत्री अंतिमा के साथ सगरा सुंदरपुर बाजार से घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में जमीन विवाद को लेकर गहिरी गांव के शिवशरण गुप्ता तथा उसके पुत्रगण अनिल, आकाश व पुत्री अंशू ने जबरन रोककर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छापेमारी कर आबकारी टीम ने बरामद की शराब व लहन



**लालगंज।** आबकारी टीम ने दो गांव में छापेमारी करके बड़े पैमाने पर अवैध शराब व लहन की बरामदगी की है। मामले में तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। आबकारी निरीक्षक लालगंज अशोक कुमार ने पुलिस टीम के साथ शुक्रवार की सुबह क्षेत्र के अझारा व केशवपुर गांव में छापेमारी की। इस दौरान कुल पचास लीटर अवैध शराब व तीन कुंतल लहन की बरामदगी हुई। आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि मौके पर लहन को नष्ट कराया गया है। तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# किशोरी के अपहरण का दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज।** किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित पिता का आरोप है कि बीती तीन फरवरी की शाम करीब साढ़े चार बजे उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री को गांव का सचिन रजक पुत्र नन्हें रजक बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि किशोरी घर में रखा सवा दो लाख रुपए की नकदी व जेवरात भी उठा ले गयी। एसएसआई अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सीएचसी के बगल धड़ल्ले से चल रहे दर्जनों मेडिकल स्टोर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** कस्बा स्थित सेठ पन्नालाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ठीक बगल में दर्जनों मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग के स्पष्ट नियमों के बावजूद इन मेडिकल स्टोरों पर न तो कोई सख्त निगरानी है और न ही कार्रवाई, जिससे जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

नियमों के अनुसार, सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के परिसर और उसके आसपास सीमित दूरी तक निजी मेडिकल स्टोर खोलने पर रोक होती है, ताकि मरीजों का शोषण न हो और सरकारी दवाओं का दुरुपयोग रोका जा सके। लेकिन सीएचसी के आसपास खुलेआम मेडिकल स्टोर संचालित हो रहे हैं, जहां मरीजों को बाहर की दवाएं लेने के लिए मजबूर किया जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सीएचसी में आने वाले मरीजों को





डॉक्टरों या कर्मचारियों के माध्यम से इशारों-इशारों में बाहर के मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने को कहा जाता है। कई स्टोरों पर न तो योग्य फार्मासिस्ट मौजूद रहता है और न ही दवाओं के रख-रखाव की उचित व्यवस्था, जिससे मरीजों की सेहत से खिलवाड़ किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे खेल से आम जनता को आर्थिक नुकसान तो हो ही रहा है, साथ ही नकली और एक्सपायरी दवाओं का खतरा भी बना रहता है। इसके बावजूद संबंधित विभाग आंख मूंदे बैठा है। बार-बार शिकायतों के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना सिस्टम पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। इस संबंध में जब जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने मामले से अनभिज्ञता जताई। अधिकारियों का कहना है कि यदि नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है तो जांच कराई जाएगी और दोषी मेडिकल स्टोरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अब बड़ा सवाल यह है कि जब सीएचसी के बगल में वर्षों से दर्जनों मेडिकल स्टोर चल रहे हैं, तो जिम्मेदारों को इसकी जानकारी अब तक क्यों नहीं हुई? या फिर सबकुछ जानते हुए भी अनदेखी की जा रही है।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण करें कार्यदाई संस्था : डीएम

अखंड भारत संदेश

## जिलाधिकारी ने की निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा



**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने शुक्रवार को उदयन सभागार में बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सहायक अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर प्रोजेक्ट मैनेजर सी.एन.डी.एस. का वेतन रोकने क निर्देश दिए। उन्होंने सहायक अभियंता से कहा कि लेबर बढ़ाकर निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्ण कराई जाय। उन्होंने मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान सहायक अभियंता यू.पी. सी.एल.डी.एफ. को निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं बैठक में अनुपस्थित पाए जाने पर अधिशासी अभियंता, यू.पी.सी.एल.डी.एफ. का वेतन रोकने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्राचार्य डायट एवं अधिशासी अभियंता लो.नि.वि. की टीम गठित कराकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जॉच कराकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने राजकीय विद्यालयां में बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य एवं प्रोजेक्ट अलंकार के अन्तर्गत कराए जा रहें कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता, यू.पी.सिडको को निर्माण कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, उन परियोजनाओं को शीघ्र हैण्ड ओवर कर दिया जाय। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में एकेडमिक ब्लॉक, हॉस्टल एवं अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं सहायक अभियंता, यू.पी.सी.एल.डी.एफ. को निर्माण कार्य में तेजी लाकर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में कराए जा रहें निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराकर हैण्ड ओवर किया जाय। उन्हांने राजकीय महिला महाविद्यालय, मूरतगंज के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं से कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ समयबद्धता अवश्य सुनिश्चित किया जाय। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा जनवरी माह में चलाया गया व्यापक अभियान

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह-2026 (01 जनवरी से 31 जनवरी,2026 तक) के अन्तर्गत सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यालय परिवहन विभाग में आने वाले समस्त व्यक्तियों को पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सड़क सुरक्षा में यातायात नियमों की जानकारी दी गयी। जनपद के समस्त ब्लाकों, तहसीलों एवं जिला कार्यालयओं में सडक सुरक्षा एवं यातायात सम्बन्धित होल्डिग एवं पोस्टर लगवायें गये और कार्यालय में टैपों, टैक्सी, ई-रिक्शा, बस ट्रक यूनियन के पदाधिकारीओ के साथं बैठक का आयोजन किया गया उन्हें सडक सुरक्षा एवं यातायात सम्बधित जानकारी दी गयी एवं सडक सुरक्षा शपथ दिलायी गयी। प्रर्वतन अधिकारियों द्वारा ओवरलोड एवं नो प्लेट/ एच०एस०आर०पी० के प्लेट के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम 1988 की सुसंगत धाराओं में चालान की कार्यवाही की गई।



## दरवेशपुर क्षेत्र में खुलेआम हो रहा है लाखों का जुआ

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी पुलिस चौकी अंतर्गत दरवेशपुर गांव के बाहर खुले आसमान के नीचे खेत में पूरे दिन जुआ का खेल होता है जहां दर्जनों जुआरी एकत्रित होते हैं लाखों की हार जीत का खेल इस जुआ की फड़ में हो रहा है जुआरी ताश का पत्ता फेंकते हैं जीत हार की बोली लगती है जुआ फड़ पर रुपए फेंक दिए जाते हैं जीतने वाला जुआरी रुपए समेट लेता है यह खेल पूरे दिन चलता है बताया जाता है कि जुआ संचालक के संरक्षण में इस जुआ के खेल से कमीशन के नाम पर नाल की रकम निकाली जाती है जुआरियों से वसूली होने वाली कमीशन नाल की रकम में हिस्सेदार कौन-कौन है यह तो बड़ी जांच का विषय है लेकिन बीते कई महीनो से जिस तरह से खुले आसमान के नीचे खुले मैदान में पूरे दिन जुआ की फड़ पर दर्जनों जुआरी एकत्रित होते हैं और खुलेआम जुआ खेल रहे हैं और क्षेत्र की पुलिस को जुआ के खेल की भनक नहीं लग रही है यह मामला पुलिस की बड़ी लापरवाही को प्रदर्शित कर रहा है या फिर स्थानीय पुलिस के संरक्षण में जुआ के खेल की फड़ सज रही है जहां सुबह से शाम तक जुआरी एकत्रित रहते हैं और लाखों का जुआ फ़ड़ पर खुलेआम होता है जिसकी आड़ में पुलिस का हिस्सा पुलिस तक पहुंच जाता है गस्त और दविश के नाम पर आए दिन दरवेशपुर गांव पहुंचने वाली चौकी पुलिस को यदि जुआ संचालक की जानकारी नहीं हो पाई तो उसके मुखबिर खास पर भी सवाल खड़े हैं।

## डीएम ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने शुक्रवार को उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक की जिलाधिकारी ने आधार प्रमाणीकरण की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि शत-प्रतिशत आधार प्रमाणीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने आधार प्रमाणीकरण/डी.बी.टी. की समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर खण्ड शिक्षाधिकारी सरसवां, नेवादा व कौशाम्बी का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने यूनीफार्म के साथ बच्चों की फोटो पोर्टल पर अपलोड किए जाने के कार्य में लापरवाही पाए जाने पर खण्ड शिक्षाधिकारी कौशाम्बी, मूरतंगज व सरसवा से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि विद्यालयों में कार्य पुस्तिका भरवाया जाय, निपुण तालिका अपडेट रखी जाय एवं विद्यालयां में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति और बढ़ाई जाय। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाय, किसी भी प्रकार की लापरवाही/शिकायत प्राप्त होने पर सम्बन्धित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विगत कई दिनों से अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि समिति बनाकर विद्यालयों में आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत सभी कार्यों को पूर्ण करवाया जाय। कस्तूरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों पर चयन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। इस अवसर पर सीडीओ विनोद राम त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कुछ वर्षों में अकूत संपत्ति के धनी बने जिला पंचायत के सहायक अभियंता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भ्रष्टाचार की काली कमाई से अफसर इंजीनियर रात दिन में करोड़पति बन गए हैं लेकिन योगी सरकार की विकास योजनाओं को पलीता लगाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देकर के काली कमाई में लगे इन अफसर और इंजीनियर के काले कारनामे पर शासन से लेकर प्रशासन तक गंभीर नहीं है भ्रष्टाचार में शामिल इन अफसरों और इंजीनियर के कारनामों के चलते योगी सरकार की योजनाएं पारदशी तरीके से संचालित नहीं हो पा रही हैं जिनसे जहां सरकारी योजनाएं दम तोड़ रही हैं वहीं आम जनता समस्याओं से जूझ रही है कुछ वर्षों में अकूत संपत्ति के मालिक बने इन अफसर और इंजीनियर की काली कमाई से एकत्रित अकूत संपत्ति की भ्रष्टाचार निवारण संगठन से अभी तक जांच नहीं शुरू हुई है। गौरतलब है कि तमाम भ्रष्ट अफसर और भ्रष्ट इंजीनियरों की तरह ही जिला पंचायत कौशांबी के सहायक अभियंता ने भी जिला पंचायत की विकास योजनाओं में हेरा फेरी करने के बाद भ्रष्टाचार की काली कमाई से कुछ वर्षों में अकूत संपत्ति के धनी बन गए हैं कुछ वर्षों की काली कमाई से लग्जरी महंगी गाड़ी आलीशान बंगला सोने चांदी के जेवर नगद रुपए का भण्डार इकट्ठा हो गया है कई जमीन मकान के यह मलिक बन चुके हैं कुछ जमीन अपने नाम और कुछ जमीन परिवार रिश्तेदारों के नाम खरीदी गई है कुछ वर्षों में जिला पंचायत के सहायक अभियंता के पास अकूत संपत्ति कहां से आई है यह बड़ी जांच का विषय है बताया जाता है कि लग्जरी वाहन में लाखों रुपए साल की किस्त लाखों रुपए साल का डीजल पेट्रोल ईंधन पर खर्च कर रहे हैं और लाखों रुपए वाहनों के मेंटेनेंस में सहायक अभियंता खर्च कर रहे हैं इसके अलावा राजा महाराजा जैसे रहन-सहन के साथ-साथ घर परिवार के लोगों की पढ़ाई लिखाई का महंगे स्कूलों की फीस और लाखों रुपए अन्य आधुनिक और सुख सुविधाओं में उनके द्वारा खर्च किया जा रहा है सहायक अभियंता का जिस तरह से रहन-सहन और खर्च हो रहा है वह उनके वेतन से पूरा होने की उम्मीद नहीं है लेकिन उसके बाद भी लाखों रुपए का खर्च इनके द्वारा किया जा रहा है वेतन से अधिक खर्च करने वाले सहायक अभियंता उसके बाद भी करोड़ों के अकूत संपत्ति के मालिक बन चुके हैं आखिर भ्रष्टाचार की किस कमाई से जिला पंचायत कौशांबी के सहायक अभियंता अकूत संपत्ति के धनी हुए हैं यह बड़ी जांच का विषय है और सहायक अभियंता के अकूत संपत्ति की यदि योगी सरकार ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन से जांच कराई तो भ्रष्टाचार के बड़े कारनामों का खुलासा होगा।



लग्जरी महंगी गाड़ी आलीशान बंगला सोने चांदी के जेवर नगद रुपए का लगा भण्डार

# ठेकेदारों को बचाने उतरे लोक निर्माण विभाग के अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**सड़क निर्माण में घोटाला**

**पुल और सड़क निर्माण में योगी सरकार के चोर ठेकेदारों ने लूट लिया करोड़ों का सरकारी खजाना**

**जांच हुई तो तत्कालीन अफसर के साथ-साथ सड़क निर्माण में लगे कार्यदायी संस्थाओं वा ठेकेदारों की भी मुसीबत बढ़ेगी**



**टेढ़ीमोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र से प्रतापगढ़ को जोड़ने के लिए शहजादपुर में गंगा नदी पर दुर्गा भाभी सेतु का निर्माण योगी सरकार के कार्यकाल में करोड़ों की लागत से हुआ था लेकिन निर्माण में घटिया क्वालिटी के सामग्री के प्रयोग के चलते पुल में भी जगह-जगह सरिया दिखाई पड़ने लगी है दरारें आ गई थी करोड़ों की लागत से सड़के बनाई गई थी सड़कों की हालत तो दुदर्शा से भरी है पुल को जोड़ने वाली इस सड़क के बनाए जाने के 6 महीने के भीतर ही खराब होने के बाद राहगीरों को आवा गमन में तमाम समस्याएं हो रही हैं आखिर करोड़ों के इस घोटाले में कौन-कौन हिस्सेदार है जांच के बाद कब उजागर होगा मामले को लेकर 31 जनवरी को अखंड भारत संदेश समाचार पत्र ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया संज्ञान में आने के बाद अधिकारियों ने लोक निर्माण विभाग के अफसर को फटकार लगाई अधिकारियों की फटकार के बाद लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने अपने गुनाहों पर पर्दा डालने और ठेकेदारों को बचाने के लिए सड़क पर ईट भट्ठा के ईट टुकड़े गिट्टी डाल करके सड़क को बराबर कर रहे हैं जो और दुर्घटना का कारण बन रहा है अफसर के निर्देश के बाद भी भ्रष्ट ठेकेदारों पर अभी तक लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मुकदमा नहीं दर्ज कराया है ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड नहीं किया है जिससे पूरे भ्रष्टाचार में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की भी मनसा पर सवाल खड़े हैं। सवाल उठता है कि यदि सड़क निर्माण में लगे ठेकेदारों ने घटिया निर्माण किया तो मानिटरिंग करने वाले विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उस समय क्या कर रहे थे केवल ऑफिस में बैठकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण का निर्देश दे रहे थे या फिर निर्माण में लगे ठेकेदारों से अफसर कमीशन के हिस्सा की वसूली तक सीमित रहे जिससे करोड़ों की सड़क का घटिया निर्माण हो गया और समय के पहले सड़क खराब हो गई खराब सड़क बनाए जाने का मामला जब सार्वजनिक हुआ तो उसके बाद भी ठेकेदारों पर कार्यवाही नहीं बल्कि बड़े अफसर को भी गुमराह करने का प्रयास संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है ठेकेदारों को बचाने वाले इन अफसरों की भूमिका पर सवाल खड़े हैं घटिया निर्माण के बाद भी ठेकेदारों का भुगतान नहीं रोका गया उनको ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया उन पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया गया विभाग के अफसर जानबूझ कर बार बार गलती कर रहे हैं या फिर वह भ्रष्टाचार में हिस्सेदार है यह जांच का विषय है ठेकेदारों पर मुकदमा न दर्ज कराए जाने के चलते सड़क निर्माण के जिम्मेदार अफसर पर बड़े सवाल खड़े हैं और अब फिर पूरे मामले में लीपा पोती कर ठेकेदारों को बचाने का प्रयास लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा शुरू है।

## 16 जनसेवा केन्द्र की आई.डी. तत्काल प्रभाव से की गई निरस्त अब तक कुल 44 जनसेवा केन्द्र संचालकों की आईडी निरस्त

**कौशांबी।** भारत सरकार द्वारा संचालित फार्मा रजिस्ट्री योजनान्तर्गत एग्री स्टैक पोर्टल पर जनपद कौशाम्बी के समस्त कृषकों के रजिस्ट्रेशन का कार्य जन सेवा केन्द्र सी.एस.सी. के माध्यम से किया जाना है। जनपद कौशाम्बी में कृषको के रजिस्ट्रेशन की प्रगति बहुत ही खराब है, जिसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केन्द्र से कृषकों का फॉर्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा है।यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर ने देते हुए बताया कि इस अभियान में सभी जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है, जिसमें पाया गया है कि निरन्तर दिये गये निर्देशों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषको का पंजीकरण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है।जनसेवा केन्द्र संचालक-श्रवण सिंह, संदीप कुमार, सूरज भान, मकसूद अहमद, मुमताज अहमद, बलराम सिंह, नारायण पाण्डेय, गौरव द्विवेदी, जय प्रताप सिंह, विनोद कुमार, राज कुमार, अभिजीत कुमार, मो. जुनैद, सुशील कुमार, विमल सिंह एवं महेश कुमार की सम्बन्धित जन सेवा केन्द्र आई.डी. तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। अब तक कुल 44 जनसेवा केन्द्र संचालकों की आई.डी. निरस्त कर दी गई है।

## दो बाइक की टक्कर एक गंभीर घायल

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के पंचम ढाबा के सामने शुक्रवार की रात साढ़े सात बजे दो बाइक सवार आपस में टकरा गए हैं जिससे दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हैं इस दुर्घटना में मोहम्मद तौहीद पुत्र मोहम्मद शवाले निवासी कोखराज गंभीर घायल है जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस डायल 112 व 108 एंबुलेंस को दी गई है मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने गंभीर घायल मोहम्मद ताहिर को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भती कराया गया है दूसरे बाइक सवार दोनों लोगों को गंभीर चोट नहीं है

## सरकारी अस्पताल से निजी अस्पताल पहुंचाया मरीज हो गई मौत

**कौशाम्बी।** सरकारी अस्पताल में सुविधा न मिलने से प्रसव के बाद निजी अस्पताल में महिला को लेकर परिवार के लोग पहुंच गए लेकिन निजी अस्पताल में भी महिला की जिंदगी नहीं बच पाई बल्कि डॉक्टरों की लापरवाही के चलते निजी अस्पताल में महिला की मौत हो गई है मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है आक्रोशित परिवार और रिश्तेदार के लोगों ने अस्पताल के बाहर हंगामा किया है महिला मरीज की मौत के बाद निजी अस्पताल के संचालक सरकारी अस्पताल के डॉक्टर को मौत का जिम्मेदार साबित करने में उतावले हैं तो वहीं सरकारी अस्पताल के डॉक्टर महिला मरीज की मौत के बाद निजी नर्सिंग होम के संचालक को मौत का जिम्मेदार बता रहे हैं दोनों एक दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं लेकिन कार्यवाही किसी पर नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक रोनी देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी विनोद कुमार निवासी मीरापुर थाना पूरामुफ्ती को प्रसव पीड़ा के बाद पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चायल में भती कराया गया था सरकारी अस्पताल में महिला का प्रसव हो गया लेकिन डाक्टर मौजूद नहीं थे प्रसव के बाद महिला को सरकारी अस्पताल में समुचित इलाज नहीं मिल सका और सरकारी अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों ने महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया लेकिन एंबुलेंस वाले जिला अस्पताल लेकर नहीं गए बल्कि तिल्हापुर के एक निजी अस्पताल में महिला को भती कर दिया और निजी अस्पताल में भी महिला का इलाज नहीं हो सका और निजी अस्पताल की लापरवाही के बाद महिला की दर्दनाक मौत हो गई है यदि सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए डॉक्टर मौजूद नहीं रहते उन सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर पर फिर भी कार्यवाही नहीं होती है आखिर जब डॉक्टर सरकारी अस्पताल में मौजूद नहीं है तो मरीज को क्यों भती किया जाता है और गायब रहने वाले डॉक्टर पर मुकदमा दर्ज करना और उन पर कठोर कार्रवाई करने के लिए क्यों स्वास्थ्य विभाग तैयार नहीं दिखाई पड़ रहा है मरीजों की जिंदगी से सरकारी अस्पताल के डॉक्टर खेल रहे हैं जबकि सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने पूर्व जिला अधिकारी के जरिए उच्च न्यायालय में शपथ पत्र भेजा था कि वह निजी प्रैक्टिस नहीं कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि 90 प्रतिशत सरकारी डॉक्टर निजी अस्पतालों के संचालन में मस्त दिखाई पड़ रहे हैं जिससे सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था चौपट है वहीं निजी अस्पतालों में भी कुशल डॉक्टर नहीं है बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर मरीजों को प्रलोभन दिया जा रहा है।

# एम वी कॉन्वेंट स्कूल एंड कालेज में वार्षिकोत्सव समारोह का शानदार समापन





**विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का किया गया आयोजन**

**कौशाम्बी।** एम वी कॉन्वेंट स्कूल एंड कालेज ओसा मंझनपुर में दिनांक 6 फरवरी को वाषिर्कोत्सव समारोह का आयोजन हुआ मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबंधक डॉ मधु वाचस्पति पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि प्रगति मैंम,प्राप्ति मैम,आकृति मैम रही विद्यालय के स्काउट और गाइड के कलर पाटी तथा बैंड टीम के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया।समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि के कर कमलो से मां सरस्वती की प्रतिमा को दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर और विद्यालय के छात्राएं द्वारा गणेश वंदना से शुभारंभ हुआ साथ ही साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमें छात्र -छात्राओ ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया।मुख्य अतिथि ने छात्र -छात्राओ को पुरस्कार वितरित किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में, मुख्य अतिथि ने कहा कि यह समारोह अपनी प्रतिभा दिखाने का छात्रों के लिए एक अच्छा अवसर था और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का यह अच्छा मौका है कार्यक्रम के अंत में विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समस्त छात्र छात्राओं, स्काउट और गाइड को प्रमाण पत्र व उनके अभिभावकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया जिला संगठन कमिश्नर स्काउट श्याम बाबू यादव विद्यालय के स्काउट मास्टर मनीष कुमार और गाइड कैप्टन नम्रता विश्वकर्मा को प्रशस्ति प्रमाण पत्र मोमेंटो व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया समारोह का समापन करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य के डी सिंह ने सभी को धन्यवाद दिया इस दौरान प्रगति मैंम,प्राप्ती मैंम आकृति मैम उपप्रधानाचार्य श्रीमती प्रतिभा सिंह,जिला खेल सचिव श्याम लाल एवं समस्त शिक्षक व समस्त छात्र छात्राएं एवं अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### सिपाहियों के लिए नहीं बनाया गया योगी सरकार का यातायात कानून



**कौशांबी।** सड़कों पर चलने वाले वाहनों की चेकिंग का निर्देश रोज योगी सरकार और पुलिस अधिकारी दे रहे हैं पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पूरे दिन सड़कों पर वाहनों की चेकिंग थाना पुलिस और यातायात पुलिस करती देखी जाती है लेकिन सिपाहियों के लिए योगी सरकार का कानून लागू नहीं होता है सिपाही तो खुद कानून बनाते हैं उन पर योगी सरकार का कानून कैसे लागू होगा मोटरसाइकिल में सिपाही ने हेलमेट नहीं लगाया है लेकिन आम जनता ने हेलमेट नहीं लगाया होता तो उसका चालान हो जाता पुलिस द्वारा आम जनता से भारी भरकम जुर्माना वसूला जाता लेकिन मोटरसाइकिल में बिना हेलमेट लगाए सिपाही खुलेआम सड़क पर फर्राटा भर रहा है और पूरामुफ्ती थाना सल्लूह पुर पुलिस चौकी संदीपन घाट थाना क्षेत्र से गुजरने के बाद सिपाही की बाइक चेक करने का प्रयास थाना पुलिस से लेकर यातायात पुलिस ने नहीं किया है जिससे पुलिस के कानून का अंदाजा लगाया जा सकता है लेकिन आम जनता के लिए कानून है वर्दी के लिए कानून नहीं है सिपाही की बाइक नंबर यूपी 71 बी 5887 में यातायात नियम के मुताबिक नंबर प्लेट भी नहीं लगाई गई है लेकिन उसके बाद भी सिपाही की बाइक में किसी ने चेकिंग करके जुर्माना करने का प्रयास नहीं किया है यह रोज का मामला है पूरे जिले में पुलिस कर्मियों के गुनाहों पर जांच चेकिंग नहीं होती आम जनता के लिए केवल कानून बनाए जाते हैं।

### वृद्धजनों के लिए विशेष पहल,माघ मेला प्रयागराज में कराया गया संगम स्नान



**कौशांबी।** प्रबंधक वृद्धाश्रम आलोक राय ने वृद्धाश्रम में निवासरत वृद्धजनों को बस द्वारा माघ मेला,प्रयागराज ले जाया गया, जहाँ सभी वृद्धजनों ने संगम में विधि-विधान से पावन स्नान किया इस अवसर पर वृद्धजनों में विशेष उत्साह एवं प्रसन्नता देखने को मिली। संगम स्नान के उपरांत सभी की समुचित व्यवस्था के साथ सकुशल वापसी कराई गई। वृद्धजनों ने इस पुनीत आयोजन के लिए प्रबंधक आलोक राय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पत्रकारिता के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रयागराज की धरती में कौशांबी के दर्जनों पत्रकार हुए सम्मानित

**कौशांबी।** पत्रकारिता में उत्कृष्ट कार्य के लिए कौशांबी के दर्जनों पत्रकारों को 5 फरवरी को भारतीय पत्रकार संघ द्वारा प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया है माघ मेला क्षेत्र में भारतीय पत्रकार संघ के बैनर तले पत्रकारों के अधिवेशन का कार्यक्रम 5 फरवरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित था कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक रेलवे एन कोलांची ने कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों के कर्तव्य और उनकी खबरों पर चर्चा की और इस दौरान बेहतर खबर लिखने वाले तमाम पत्रकारों को उन्होंने सम्मानित किया है भारतीय पत्रकार संघ के कार्यक्रम में कौशांबी जनपद से भी सुशील केसरवानी गणेश साहू राजकुमार एनडी तिवारी प्रमोद मिश्रा अनिल कुमार धर्मेंद्र सोनकर शशि भूषण सिंह शिव कुमार सुनील केसरवानी सहित तमाम पत्रकारों को प्रयागराज की धरती पर आयोजित भारतीय पत्रकार संघ के कार्यक्रम में उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए प्रशस्ति पत्र शील्ड देकर सम्मानित किया गया है इस दौरान भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महामंत्री सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कार्यक्रम में पहुंचे संगठन के तमाम पदाधिकारी और तमाम पुलिस अधिकारी वा प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### शराब की दुकान से चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के कसेन्दा स्थित कम्पोजिट शराब की दुकान श्यामलाल पाल पुत्र राम बहोरी निवासी कोटिया अमिरसा संचालित करते हैं उनकी शराब के दुकान में दो दिन पहले पीछे से सेंध लगाकर चोरो द्वारा पैसे व शराब चोरी कर लिया गया मामले में मु0अ0सं0 22/26 धारा 331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत हुआ पिपरी पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों छोटे पटेल उर्फ विकास पुत्र कल्लू सिंह निवासी कुन्दनपुर थाना पिपरी वा मुकेश कुमार पुत्र नरेश पासी निवासी मनौरी मरदानापुर थाना पूरामुफ्ती को बल्हेपुर जाने वाले मार्ग ससुर खदेरी नदी पुल से गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 4060 रू0 व 18 बोतल अग्रेजी शराब तथा घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

### सोना चांदी चोरी की घटना बताने वाली महिला ने खुद पलटा बयान

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के करेंटी गांव निवासी रमेश पुत्र राम कुमार के परिवार की एक महिला ने कोखराज थाना पुलिस को बताया कि वह सब लोग दावत में गए थे और जब वापस लौटे तो देखा अलमारी का ताला टूटा है घर का ताला टूटा है और उनके घर से सोना चांदी नगद रुपए चोरी कर लिया गया है पुलिस जांच में पहुंची तो मालूम चला कि घर में परिवार के अन्य लोग रह रहे हैं घर में ताला नहीं बंद था जब पुलिस ने महिला को टाइट किया तो महिला ने बताया कि उसने परिवार वालों को फसाने के लिए चोरी का ड्रामा किया है लेकिन उसका ड्रामा खुल गया है पुलिस ने महिला के ही कब्जे से सोने चांदी का जेवर बरामद कर लिया और महिला को ही सुपुर्द कर दिया है बताया जाता है कि महिला ने अपना शिकायती प्राथर्ना पत्र वापस ले लिया है परिवार वालों को फसाने के लिए रची गई साजिश का भंडाफोड़ हो गया है।

### हाईटेंशन विद्युत करंट से महिला की मौत पर जेई एसडीओ पर दर्ज हुआ मुकदमा

**कौशाम्बी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के इमलीगांव में बुधवार को हाई टेंशन विद्युत तार के टूटकर जमीन पर गिर जाने के बाद किरन देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी कुलदीप कुमार की दर्दनाक मौत हो गई थी महिला खेत की ओर जा रही थी हाई टेंशन तार जमीन पर कई दिनों से टूटी पड़ी थी और महिला हाई टेंशन तार की चपेट में आ गई जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया था मृतक महिला के पति की शिकायत पर थाना पुलिस ने विद्युत उपखंड अधिकारी और जूनियर इंजीनियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### छोटे बच्चे पर चाकू से हमला



**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के अगियौना गांव मैं एक छोटे बच्चे पर चाकू से हमला किया गया जिससे वह घायल हो गया इलाज के लिए उसे अस्पताल में भती कराया गया। जानकारी के मुताबिक आगियौना गांव निवासी आयुष उम्र 14 वर्ष पुत्र अनिल के घर में भूसा रखा था परिवार के लोग जबरिया भूसा फेंक रहे थे आयुष ने भूसा फेंकने से मना किया जिस पर उसके ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया जिससे आयुष घायल हो गया है उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भती कराया गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

### कौशाम्बी थाना पुलिस ने 06 वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

कौशांबी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 122/14 धारा 323/504/506 भादवि से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्तों 1.रजऊ उर्फ राजाराम 2. हरिओं पुत्रगण छेदी लाल निवासी ग्राम जाठी थाना व जनपद कौशाम्बी,वाद सं0 6437/24 धारा 323/504/506 भादवि से सम्बन्धित 02 वारण्टी अभियुक्त 1. मेदीलाल पुत्र भरोसे 2. सुहागी पत्नी मेदी निवासी चकसतारगंज थाना व जनपद कौशाम्बी तथा वाद सं0 5284/24 धारा 323/504/506 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रामशिव पुत्र जगपत निवासी मुडिया डोली थाना व जनपद कौशाम्बी व वाद सं0 4824/24 धारा 323/504/506 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त चौबे निषाद पुत्र मटरू निवासी ग्राम बरैचा थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता: मोदी नेतृत्व की वैश्विक दृढ़ता

## सम्पादकीय

### मोदी-ट्रंप का नया समझौता

**भारत** और अमेरिका के बीच सोमवार रात को व्यापार समझौते की घोषणा हुई। इस समझौते का ऐलान भी ऑपरेशन सिंदूर के बीच युद्धविराम की घोषणा की तरह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ही किया। उसके बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसकी सूचना देशवासियों को दी। इस बीच वाणिज्य और वित्त मंत्री क्या कर रहे थे, पता नहीं। बहरहाल, डोनाल्ड ट्रंप और नरेंद्र मोदी दोनों ने इस नए समझौते को अपनी-अपनी जीत बताया है। ट्रंप की पोस्ट में शुरूआती पंक्तियों में ही नरेन्द्र मोदी से दोस्ती की बात है और उनकी तारीफ की गई है, वहीं नरेन्द्र मोदी ने भी अपनी पोस्ट में फिर से ट्रंप को प्रिय मित्र बताया है। दो दोस्तों के बीच आपस में जो भी बात हो, किसी को फर्क नहीं पड़ना चाहिए। लेकिन जब करोड़ों देशवासियों के हितों का सवाल है, तो फिर फर्क पड़ता ही है। टैरिफ कम करने को नरेन्द्र मोदी बड़ी जीत के तौर पर प्रस्तुत कर रहे हैं, मंगलवार सुबह ही जिस तरह एनडीए सांसदों ने श्री मोदी का अभिनंदन किया, उससे जाहिर है कि विपक्ष को जवाब देने के लिए यही गुणगान किया जाएगा। मोदी की तारीफ में यह भी कहा जा रहा है कि चंद दिनों के भीतर उन्होंने दो बड़े व्यापार समझौते किए, एक तो यूरोपीय यूनियन (ईयू) से मुक्त व्यापार समझौता और दूसरा ट्रंप से टैरिफ कम करवा लिया। हालांकि दोनों समझौतों में काफी फर्क है। ईयू को अमेरिका से छिटकने के कारण ही भारत की जरूरत पड़ी। क्योंकि ट्रंप यूरोप के देशों पर अनावश्यक धौंस दिखा रहे थे। वहीं भारत को भी एक नए व्यापार साथी की तलाश थी। हालांकि ईयू से व्यापार समझौता कब तक जमीन पर उतरेगा और इसका क्या असर होगा, ये पता चलने में वक्त लगेगा। लेकिन अमेरिका से समझौते का तात्कालिक असर भारत पर पड़ेगा, क्योंकि इसमें न केवल अमेरिका बल्कि रूस, ईरान जैसे देशों से उसके रिश्तों पर असर पड़ेगा।

ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका अब 25 की जगह 18फीसदी टैरिफ लगाएगा, जबकि भारत शून्य टैरिफ लगाएगा। इसके अलावा ट्रंप ने दावा किया कि भारत रूसी तेल नहीं खरीदेगा और 500 बिलियन डॉलर यानी करीब 45.47 लाख करोड़ का अमेरिकी सामान खरीदेगा। जिस तरीके से ट्रंप ने यह बताया है कि भारत क्या करेगा और कैसे करेगा, उससे लगता है कि यह समझौता सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि दबाव, मजबूरी और रणनीतिक बदलाव के तहत किया गया है। वैसे तो नरेन्द्र मोदी देश को महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में कभी खुलकर नहीं बताते हैं, लेकिन फिर भी उनसे पूछा जाना चाहिए कि क्या इस समझौते के पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे के कारण बना कोई दबाव है। क्योंकि इसमें नरेन्द्र मोदी, उनके मंत्री हरदीप पुरी और कारोबारी अनिल अंबानी का नाम आया है। इस बारे में मोदी की सफाई पेश करने के लिए तो विदेश मंत्रालय ने बयान दिया है कि अमेरिकी न्याय विभाग ने जो कुछ फाइल्स से खुलासा किया है, वो बेबुनियाद है। लेकिन हरदीप पुरी और अनिल अंबानी के विषय में खामोशी पसरी हुई है। अगर इन दोनों के किसी भी तरह के संबंध जेफ्री एपस्टीन से थे, तो मोदी ने इन दोनों से खुद को पूरी तरह अलग करने का ऐलान क्यों नहीं किया। एक आशंका यह भी है कि क्या समझौते के पीछे अमेरिका की अदालत से गौतम अडानी को मिला समन है। मोदी सरकार इस समझौते को अपनी जीत बता रही है, तो फिर उसे साबित करना चाहिए।

-: ललित गर्ग-

**अंतरराष्ट्रीय** राजनीति और वैश्विक व्यापार के परिदृश्य में कोई भी समझौता केवल आंकड़ों या कर-प्रतिशतों तक सीमित नहीं होता, वह राष्ट्र की संप्रभुता, नेतृत्व की दृढ़ता और भविष्य की दिशा का भी संकेतक होता है। भारत और अमेरिका के बीच हालिया व्यापारिक सहमति, जिसके अंतर्गत प्रस्तावित 50 प्रतिशत टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है, इसी दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण और दूरगामी घटना है। यह निर्णय केवल आर्थिक राहत नहीं, बल्कि बदलते वैश्विक शक्ति-संतुलन और भारत की बढ़ती सौदेबाजी क्षमता का प्रमाण है। यहां ह्लदेर आए, दुरुस्त आएह्व की कहावत पूरी तरह चरितार्थ होती है। जब अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर ऊँचे टैरिफ का दबाव बनाया गया था, तब यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था को अंततः झुकना पड़ेगा। वैश्विक व्यापार का हालिया इतिहास इस बात का साक्षी रहा है कि बड़ी शक्तियां अक्सर दबाव की राजनीति के माध्यम से अपने हित साधती हैं। किंतु फरवरी 2025 में आरंभ हुई इस व्यापारिक प्रक्रिया का फरवरी 2026 में सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ना यह दशार्ता है कि भारत ने न तो जल्दबाजी दिखाई और न ही अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता किया। भारत ने समय लिया, परिस्थितियों का मूल्यांकन किया और अंततः संतुलित व सम्मानजनक परिणाम प्राप्त किया।

50 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक की टैरिफ कटौती का तात्कालिक प्रभाव व्यापारिक जगत और शेयर बाजार में दिखाई दिया। निवेशकों का भरोसा लौटा, निर्यातकों को राहत मिली और बाजार में सकारात्मक संकेत उभरे। किंतु इस निर्णय का वास्तविक महत्व इससे कहीं अधिक व्यापक है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि भारत अब केवल नियमों का पालन करने वाला देश नहीं, बल्कि नियमों के निर्माण और पुनर्परिभाषा में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने वाला राष्ट्र बन चुका है। अमेरिका जैसी महाशक्ति का अपने रुख में नरमी लाना भारत की आर्थिक ताकत, रणनीतिक धैर्य और राजनीतिक आत्मविश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यही रही है कि उसमें संवाद है, पर दबाव के आगे समर्पण नहीं। चाहे वह रक्षा सहयोग हो, ऊर्जा सुरक्षा हो या व्यापारिक समझौते-हर क्षेत्र में भारत ने अपने हितों को केंद्र में रखते हुए आगे बढ़ने का प्रयास किया है। इस व्यापारिक डील में भी भारत ने बिना झुके, बिना रुके और बिना कमजोर पड़े अपनी शर्तें स्पष्ट रूप से रखीं। यही कारण है कि अंततः अमेरिका को अपने प्रस्तावों में संशोधन करना पड़ा। यह केवल एक व्यापारिक जीत नहीं, बल्कि राजनीतिक परिपक्वता और नेतृत्व की दृढ़ता का उदाहरण है। इस समझौते से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में एक उन्नत स्थिति प्राप्त होगी। कम टैरिफ का अर्थ है कि भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे, उनकी पहुंच बढ़ेगी और ह्लमेक इन इंडियाह्व को नया प्रोत्साहन मिलेगा। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, ऑटोमोबाइल, कृषि-आधारित उत्पाद और उभरते तकनीकी क्षेत्र-सभी को इससे दीर्घकालिक लाभ होने की संभावना है। भारत अब केवल सस्ता श्रम या कच्चा माल उपलब्ध कराने वाला देश नहीं, बल्कि मूल्यवर्धित उत्पादन और नवाचार की दिशा में अग्रसर अर्थव्यवस्था बनता जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसदीय दल की बैठक में जिस संयम और आत्मविश्वास के साथ भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को ह्लनिरंतर धैर्य का परिणामह्व बताया, वह



उनकी कूटनीतिक शैली का सार है। यह समझौता किसी अचानक हुए घटनाक्रम का नतीजा नहीं, बल्कि एक वर्ष तक चली रणनीतिक प्रतीक्षा, विकल्पों के विस्तार और संतुलित संवाद का परिणाम है। मोदी ने स्पष्ट संकेत दिया कि सरकार ने विपक्ष की आलोचनाओं और तात्कालिक दबावों के बावजूद धैर्य नहीं छोड़ा, क्योंकि वैश्विक व्यापार और भू-राजनीति में जल्दबाजी अक्सर महंगी पड़ती है। अमेरिका का झुकना किसी भावनात्मक मित्रता का परिणाम नहीं, बल्कि ठोस रणनीतिक विवशता का नतीजा है। बीते एक वर्ष में भारत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके पास विकल्प हैं-रूस के साथ ऊर्जा सहयोग, यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में अपनी बढ़ती भूमिका।

यदि वाशिंगटन भारत पर एकतरफा दबाव बनाए रखता, तो अमेरिकी कंपनियां दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बड़े बाजार से बाहर हो जातीं। ट्रंप द्वारा 500 अरब डॉलर के आयात, शून्य टैरिफ और रूसी तेल त्यागने जैसे नाटकीय दावे इसी दबाव की राजनीति का हिस्सा थे, जिन्हें भारत ने न तो सार्वजनिक टकराव का मुद्दा बनाया और न ही स्वीकारोक्ति दी। मोदी का इन पर मौन यह दशार्ता है कि भारत इस घटनाक्रम को अंतिम समझौते के रूप में नहीं, बल्कि दिशा-निर्धारण के रूप में देख रहा है। इसके विपरीत, भारतीय विपक्ष इस पूरे प्रकरण में अपनी राजनीतिक अधीरता और रणनीतिक अपरिपक्वता को उजागर करता रहा। उसने टैरिफ को लेकर तात्कालिक लाभ-हानि की भाषा में सरकार को घेरने की कोशिश की, जबकि अंतरराष्ट्रीय व्यापार वाताएं समय, धैर्य और बहुस्तरीय गणनाओं की मांग करती हैं। विपक्ष यह समझने में असफल रहा कि कूटनीति में कभी-कभी पीछे हटना नहीं, बल्कि प्रतीक्षा करना ही सबसे बड़ा कदम होता है। आज जब अमेरिका को अपना अड़ियल रुख छोड़ना पड़ा है और भारत फिर से वैश्विक प्रतिस्पर्धा की अग्रिम पंक्ति में खड़ा दिख रहा है, तब यह स्पष्ट है कि मोदी की नीति न केवल दबाव से मुक्त थी, बल्कि दूरदर्शी भी। यही नीति भारत को एक आत्मविश्वासी, प्रभावशाली और सौदे की शर्तें तय करने वाली शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है।

इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि यह वैश्विक व्यापार में दबाव आधारित राजनीति के अंत का संकेत देता है। लंबे समय से बड़ी अर्थव्यवस्थाएं टैरिफ, प्रतिबंध और नीतिगत दबावों के माध्यम से छोटे या उभरते देशों को अपनी शर्तें मानने के लिए विवश करती रही हैं। भारत ने इस प्रवृत्ति को न केवल चुनौती दी, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि आत्मविश्वास, आर्थिक क्षमता और राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर किसी भी दबाव को संतुलित संवाद में बदला जा सकता है। भारत-अमेरिका संबंधों के संदर्भ में यह समझौता एक नए राजनीतिक आभामंडल के निर्माण का भी संकेत देता है। यह संबंध अब केवल रणनीतिक या सामरिक सहयोग तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आर्थिक साझेदारी के एक नए स्तर की ओर बढ़ रहा है। इसका प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक राजनीति में बहुध्रुवीय व्यवस्था को और अधिक मजबूती देगा। दुनिया धीरे-धीरे यह स्वीकार कर रही है कि भविष्य का नेतृत्व किसी एक शक्ति के हाथ में नहीं, बल्कि संतुलित साझेदारियों के माध्यम से उभरेगा, और भारत उसमें एक केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

इस व्यापारिक प्रगति से मोदी सरकार की अंतरराष्ट्रीय साख में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यह साख किसी प्रचार या दावे पर नहीं, बल्कि ठोस परिणामों पर आधारित है। भारत आज विश्व मंच पर एक ऐसे राष्ट्र के रूप में देखा जा रहा है, जो अपने हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक स्थिरता और सहयोग में भी सकारात्मक भूमिका निभाता है। यही संतुलन उसे अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से अलग पहचान देता है। महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा भावनात्मक नारों पर नहीं, बल्कि आर्थिक आंकड़ों, रणनीतिक समझौतों और वैश्विक स्वीकार्यता पर आधारित है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इस प्रकार के व्यापारिक समझौते उस यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं।

# अब तक अपनाए गए स्टैंडर्ड मॉडल से अलग है 2026-27 का भारतीय बजट

अंजन रॉय

**वित्त** मंत्री ने कर में छूट की घोषणा की है और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने बजट के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी पुष्टि की। वित्त मंत्री ठीक-ठीक बताएंगी कि वह टैक्स में बदलाव करके कितनी छूट दे रही हैं और उनके टैक्स प्रस्तावों से सरकारी खजाने में कितना ज्यादा पैसा आएगा। इसके बाद, घाटा या अधिशेष और आने वाले वित्तीय वर्ष में इनका हिसाब कैसे रखा जाएगा। इस संबंध में भाषण से यह अंदाजा लगाना मुश्किल है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2026 को संसद में एक बजट पेश किया, जो सरकार की आय, खर्च और वित्त को कैसे मैनेज किया जाएगा, इसके कथन से ज्यादा देश के लिए एक बहुवार्षिक विकास का ब्लूप्रिंट है। साथ ही, वित्त मंत्री का बयान विकास की महत्वाकांक्षाओं से भरा होने के बावजूद, यह महत्वाकांक्षी कामों के हिसाब से नहीं था। यह बजट का एक अलग मॉडल है, क्योंकि अब तक सभी वित्त मंत्रियों ने अपनी प्रस्तुतियों का समापन राजस्व और खर्चों के अंतिम कुल जोड़ के साथ किया था। इस बार ऐसा नहीं हुआ।

वित्त मंत्री ने कर में छूट की घोषणा की है और वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने बजट के बाद की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी पुष्टि की। वित्त मंत्री ठीक-ठीक बताएंगी कि वह टैक्स में बदलाव करके कितनी छूट दे रही हैं और उनके टैक्स प्रस्तावों से सरकारी खजाने में कितना ज्यादा पैसा आएगा। इसके बाद, घाटा या अधिशेष और आने वाले वित्तीय वर्ष में इनका हिसाब कैसे रखा जाएगा। इस संबंध में भाषण से यह अंदाजा लगाना मुश्किल है।

सबसे खास बात यह है कि यह पहली बार है जब सालाना बजट गरीबी हटाने और सबसे गरीब लोगों की सुरक्षा और उत्थान की लोकलुभावन बातों से अलग है। कोई गरीबी विरोधी कार्यक्रम, सबसे कमजोर लोगों के लिए विशेष योजनाएं और बहुत कुछ बजट घोषणाओं का हिस्सा नहीं थे। वित्त मंत्री ने दावा किया हैः




'हमारी सरकार के एक दशक के लगातार और सुधार-उन्मुख प्रयासों से लगभग 25 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं।'

सरकार के गरीबी-विरोधी कार्यक्रम अब शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण में बदल गए हैं, ऐसा कहा जा सकता है। उन्होंने आगे कहा, 'मैं एक उच्च-शक्ति वाली 'शिक्षा से रोजगार और उद्यम' स्थायी समिति स्थापित करने का प्रस्ताव करती हूं, जो ऐसे उपायों की सिफारिश करे जो सेवा क्षेत्र को मुख्य चालक के रूप में फोकस करें।' यह वर्तमान समय में भारत की स्थिति को दशार्ता है, जब बड़े पैमाने पर घोर गरीबी का कुछ हद तक समाधान हो गया है और भारत मध्यम आय वाले देश बनने की ओर बढ़ रहा है। वित्त मंत्री भारत के विकास के इस अगले चरण की चिंताओं को संबोधित कर रही थीं। लेकिन इस स्थिति में भी, इस साल सीतारमण का बजट भाषण, समग्र मैक्रो-इकानॉमिक परिदृश्य और आरामदायक कीमतों की स्थिति को देखते हुए, एक बहुत ही रूढ़िवादी बयान है। भारतीय अर्थव्यवस्था सालाना लगभग 7 फीसदी की दर से बढ़ रही है और मुद्रास्फीति दर 2 फीसदी से कम है।

इस साल वित्त मंत्री एक अनोखी स्थिति में थीं, जब उन्हें अपने प्रस्तावों के बारे में वास्तव में कंजूस होने की जरूरत नहीं थी। मुद्रास्फीति प्रबंधन की कोई मजबूरी नहीं थी, जिससे भारत के कई वित्त मंत्रियों को बजट तैयार करते समय जूझना पड़ता था। न ही उन्हें बढ़ती कीमतों का सामना करना पड़ रहा था, जिसके लिए मुद्रास्फीति-विरोधी उपायों की आवश्यकता होती और मुद्रास्फीति प्रबंधन के कारण उनके हाथ बंधे होते।

इस समग्र आरामदायक स्थिति में, वित्त मंत्री बेहद रूढ़िवादी थीं। उदाहरण के लिए, उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष के लिए पूंजी निवेश कार्यक्रमों में बड़ी बढ़ोतरी नहीं की। हो सकता है कि इस बजट बनाने के प्रति वित्तमंत्री का दृष्टिकोण वही हो जो आर्थिक सर्वेक्षण ने पहले ही बताया था। सर्वेक्षण ने बताया था कि वैश्विक उथल-पुथल चिंता का विषय है और इसलिए सावधानी बरतने की आवश्यकता है, 'लेकिन निराशा का कोई कारण नहीं था'। तो फिर, वित्तमंत्री ने प्रौद्योगिकी उन्नयन से लेकर बुनियादी ढांचे के निर्माण तक के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। लेकिन उन्होंने फिजूलखर्ची से परहेज किया।

बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक खर्च में बढ़ोतरी मामूली थी, जो लगभग 11 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 12.2 लाख करोड़ रुपये से थोड़ी अधिक थी। इससे शेयर बाजार की भावनाएं कमजोर हो सकती थीं, जो बजट पेश होने के बाद गिर गया।

भारत के लिए महत्वाकांक्षी प्रौद्योगिकी उन्नयन लक्ष्य को आगे बढ़ाते हुए, वित्त मंत्री ने ऐसी घोषणाएं कीं जो मिलकर भारत को अगले तकनीकी स्तर पर ले जाएंगी। सीतारमण ने भारत को नई तकनीक में ले जाने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। यह वैश्विक विकास के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की कोशिश है। इनमें से तीन हैंः इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम1.0) ने भारत के सेमीकंडक्टर सेक्टर की क्षमताओं का विस्तार किया। इसी पर आगे बढ़ते हुए, हम उपकरण और सामग्री बनाने, फुल-स्टैक इंडियन आईपी डिजाइन करने और सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए आईएसएम 2.0 लॉन्च करेंगे। इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम, जिसे अप्रैल 2025 में 22,919 करोड़ रुपये के खर्च के साथ लॉन्च किया गया था, में पहले से ही लक्ष्य से दोगुना निवेश का वायदा किया गया है। उन्होंने कहा कि हम खर्च को बढ़ाकर 40,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव करते हैं। अब हम ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे खनिज-समृद्ध राज्यों को खनन, प्रसंस्करण, अनुसंधान और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित रेयर अर्थ कॉरिडोर स्थापित करने में सहायता देने का प्रस्ताव करते हैं। घरेलू रासायनिक उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए, हम राज्यों को 3 समर्पित केमिकल पार्क स्थापित करने में सहायता देने के लिए एक योजना शुरू करेंगे।

विकास मॉडल के लिए नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं। एक प्रसिद्ध जर्मन अर्थशास्त्री ने इस बारे में विस्तार से बताया था। शहर और कस्बे विकास के ड्राइवर बन रहे हैं। वित्त मंत्री सीतारमण ने बजट में शहरों को क्षेत्रीय विकास के लिए आर्थिक हब घोषित करके अपने शहर-केंद्रित विकास मॉडल लॉन्च किए हैं। इन शहरों और कस्बों को डेडिकेटेड कॉरिडोर से भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा थाः -'इस बजट का मकसद शहरों की आर्थिक ताकत को बढ़ाने के लिए सिटी इकानॉमिक रीजन (सीईआर) की मैपिंग करना है, जो उनके खास विकास ड्राइवरों पर आधारित होगी।

हर सीईआर के लिए 5 साल में 5000 करोड़ रुपये का आवंटन।' उन्होंने आगे कहा, 'हम शहरों के बीच सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर को 'ग्रोथ कनेक्टर' के तौर पर विकसित करेंगे।' इसमें कोई शक नहीं कि सीतारमण के बजट की घोषणाओं से विपक्ष का गुस्सा भड़केगा। बजट की चारों तरफ से कड़ी आलोचना होगीः नेताओं से लेकर फाइनेंशियल मार्केट ऑपरेटर्स या इंडस्ट्री तक। निश्चित रूप से, बिजनेस-फ्रेंडली और लोकप्रिय बजट की उम्मीदें पूरी नहीं हुई हैं। लेकिन, जैसा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने एक बार कहा थाः 'मैं स्टॉक मार्केट में गिरावट से अपनी नींद नहीं खराब करता,' वह डॉ. सिंह की इस समझदारी भरी बात से खुद को तसल्ली दे सकती हैं।

# उपजिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, स्वच्छता व्यवस्था पर दिए सख्त निर्देश।

अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर।** जनपद के नगर पालिका मुहम्मदाबाद क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड पाण्डेय टोला, नोनियापुरा, राम चबुतरा तथा मुख्य सदर रोड चौक का उप जिलाधिकारी डा. हर्षिता तिवारी ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र की साफ-सफाई, नाली व्यवस्था और सड़क किनारे अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया। मुख्य सदर रोड चौक पर निरीक्षण के समय सड़क के किनारे दुकान लगाए दुकानदारों को डा. तिवारी ने



कूड़ा खुले में न फेंकने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने सभी दुकानदारों को अपनी दुकानों के पास कूड़ादान रखने तथा नियमित रूप से कचरे का निस्तारण करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में गंदगी न फैले और आम जनता को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

उप जिलाधिकारी ने नगर पालिका कर्मियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और कहीं भी जलजमाव की स्थिति न बनने पाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वच्छता में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाशत नहीं की जाएगी।

# राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने 453 जरूरतमंदों को कराया नि:शुल्क भोजन

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर। जिले** के अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा बृहस्पतिवार देर रात स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय तथा रेलवे स्टेशन परिसर में नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मरीजों, उनके तीमारदारों, यात्रियों एवं अन्य जरूरतमंदों सहित कुल 453 लोगों को गरम ताजा भोजन उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम का आयोजन संगठन के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में संपन्न हुआ। रेलवे स्टेशन परिसर में वरिष्ठ टिकट निरीक्षक अभिषेक अवस्थी



ने जरूरतमंद को भोजन की थाली प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संगठन के सदस्य निजाम खान ने बताया कि स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन की थाली में अरहर की दाल, मौसमी सब्जी, रोटी और चावल शामिल रहे। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय परिसर में 290 तथा रेलवे स्टेशन परिसर में 163 लोगों को भोजन वितरित किया गया। भोजन वितरण कार्यक्रम में नफीसा बानो, हाजी फैज उल्लाह अंसारी, सरदार गुरुप्रीत सिंह, अब्दुल वदूद (मिलियन टेलर), लईक अहमद, राकेश कुमार शुक्ला, इश्तियाक अहमद, सूफियान खान, यूसुफ पठान, बैजनाथ प्रजापति, माता प्रसाद जायसवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# निवर्तमान कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन विजय मिश्रा, व्यापार मंडल में हुऐ शामिल

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं निवर्तमान कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन ने आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के दिशा निर्देशन एवं जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह राज के नेतृत्व में व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। विजय मिश्रा एक वरिष्ठ भाजपा नेता की छवि के साथ-साथ व्यवसाय क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते हैं, उनके द्वारा विजय मेडिकल एजेंसी का संचालन कुशलता पूर्वक किया जाता है, इसी के चलते उन्होनें अखिल भारतीय उद्योग व्यापार



मंडल एवं व्यापारी हितों के लिए सदैव संघर्षित रहने वाले संगठन में अपना विश्वास दिखाते हुए, संगठन के वरिष्ठ जिला महामंत्री अम्बरीश मिश्रा के द्वारा संगठन की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर हिमांशु मालवीय ने कहा कि,विजय मिश्रा जी को भविष्य में संगठन के महत्वपूर्ण पद पर रहकर अपनी कार्य कुशलता से व्यापारी एवं व्यापार मंडल को एक शीर्ष स्थान पर पहुंचाने का कार्य करना है, जिस पर विजय मिश्रा द्वारा यह आश्वासन दिया कि वह व्यापारी हितों के लिए संगठन के साथ सदैव तत्पर रहेंगे।

# डॉ प्रदीप जायसवाल का एमडी मेडिसिन में हुआ चयन

अखंड भारत संदेश

**सुलतानपुर । डॉ.प्रदीप** जायसवाल का एमडी मेडिसिन में चयन,पारा गांव में खुशी का माहौल।बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पारा ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान महेश जायसवाल और बल्दीराय भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल के भाई डॉ.प्रदीप जायसवाल का चयन हिमाचल प्रदेश स्थित डॉ.राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमडी मेडिसिन पद पर हो गया है।चयन की सूचना मिलते ही परिवार,शुभचिंतकों और क्षेत्र के



लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने डॉ.प्रदीप जायसवाल की इस उपलब्धि को मेहनत,लगन और निरंतर परिश्रम का परिणाम बताते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में डीएम का सख्त निरीक्षण डीआईओएस व प्रधानाचार्य को नोटिस जारी

**गंदगी पर फटकार व विकास का रोडमैप**

अखंड भारत संदेश



निरीक्षण में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जनपद के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कर्वी में शुक्रवार को उस समय प्रशासनिक हलचल तेज हो गई, जब जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी के साथ विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षाओं में जाकर छात्राओं से सीधे संवाद किया और उनके पठन-पाठन, समाचार पत्र पठन की आदतों तथा विद्यालय से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने भौतिक विज्ञान व रसायन विज्ञान प्रयोगशालाओं के साथ-साथ पुस्तकालय का भी गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय के गलियारों में अव्यवस्थित फर्नीचर, टूटी-फूटी सामग्री के ढेर और साफ-सफाई की भारी कमी देख जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे निरीक्षण प्रणाली की लापरवाही बताते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने और प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानाचार्य को एक माह के भीतर विद्यालय परिसर की पूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित कराने का सख्त आदेश दिया गया। छात्राओं ने पुस्तकालय कक्ष छोटा होने और कक्षा-कक्षों के दरवाजे टूटे होने की समस्या रखी, जिस पर जिलाधिकारी ने दस कक्षाओं में क्रिटिकल गैप के माध्यम से स्मार्ट क्लास संचालित कराने तथा मुख्य द्वार के बाहर की सड़क दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण में यह भी बताया गया कि पीटीआरओ के अंतर्गत कार्यरत स्टाफ के मानदेय भुगतान हेतु सत्र 2025-26 में 2.69 लाख रुपए शेष हैं। समग्र शिक्षा, नीति आयोग और प्रोजेक्ट अलंकार योजनाओं के अंतर्गत कंप्यूटर लैब, नए कक्षा-कक्ष, टॉयलेट ब्लॉक, मल्टीपरपज हॉल और पुस्तकालय निर्माण जैसे करोड़ों के कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने सभी कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कर छात्राओं को बेहतर शैक्षिक और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# मच्छर से बीमारी तक की कड़ी तोड़ने निकला प्रशासन, 680 टीमों के साथ स्वास्थ्य महाभियान शुरू

- दवा, दस्तक और दस्तावेजी तैयारी
- आशा-आंगनबाड़ी बांटेगी दवाई

**चित्रकूट।** जिले में फाइलेरिया जैसी लाइलाज बीमारी के खात्मे के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक शिवरामपुर, पहाड़ी, मानिकपुर और अर्बन कर्वी में आईडीए-2026 अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया जाएगा, जिसके अंतर्गत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री घर-घर जाकर डीईसी, एल्बेन्डाजोल और आइवरमेक्टिन दवाओं का सेवन कराएंगी। इस महाअभियान की भूमिका तय करने के लिए 6 फरवरी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मीडिया कार्यशाला आयोजित की गई, जहां सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि फाइलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाली गंभीर बीमारी है, जिससे बचाव के लिए सामूहिक दवा सेवन बेहद जरूरी है। नोडल अधिकारी डॉ जीआर रतमेले ने आयु वर्ग के अनुसार दवाओं की खुराक स्पष्ट करते हुए बताया कि गर्भवती महिलाओं और गंभीर रोगियों को दवा नहीं दी जाएगी तथा खाली पेट सेवन वर्जित है। जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह ने बताया कि दुष्प्रभावों के त्वरित उपचार हेतु ब्लॉकों में रैपिड रिस्पांस टीमें गठित कर दी गई हैं। कुल 680 टीमों और 129 सुपरवाइजरों के जरिए 7.79 लाख से अधिक आबादी को दवा से आच्छादित कर चित्रकूट को फाइलेरिया मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## 40 साल पुरानी बस्तियों पर बुलडोजर का खतरा, मुआवजे में खेल से गुस्साए ट्रांसपोर्ट नगर के लोग

**चित्रकूट।** जिले की कर्वी तहसील के वार्ड नंबर-08 ट्रांसपोर्ट नगर स्थित शोभा सिंह का पुरवा में रेलवे भूमि अधिग्रहण ने वर्षों से बसे परिवारों की नींद उड़ा दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि 40-45 वर्षों से आबादी में बदल चुकी भूमि को कृषि दर्शाकर मुआवजा तय किया जा रहा है, जो सीधा अन्याय है। उत्तर मध्य रेलवे की बाउंड्री से सटे रिहायशी मकानों के सामने के हिस्से के अधिग्रहण और आंशिक ध्वस्तीकरण के नोटिस ने हालात और भयावह कर दिए हैं। लगभग 60 फीट में बने मकानों में से 35-40 फीट जमीन ली जा रही है, जिससे रहने और आने-जाने की जगह लगभग खत्म हो जाएगी। रजिस्ट्री होने के बावजूद दाखिल-खारिज लंबित होने का लाभ उठाकर मुआवजा पूर्व भू-स्वामी के नाम जारी किया जा रहा है। पीड़ितों ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से आबादी दर पर मुआवजा, 10 फीट आवागमन मार्ग और न्यायपूर्ण कार्रवाई की मांग की है, ताकि वर्षों से बसे परिवार बेघर होने से बच सकें। जिलाधिकारी ने उनकी मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जिले के थाना बहिलपुरवा क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। बताया कि 4 फरवरी को पीड़िता के परिजन द्वारा थाना बहिलपुरवा में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसमें आरोपी जानकी शरण पर नाबालिग पुत्री के साथ बलात्कार करने, उसे गर्भवती करने तथा घटना के बारे में किसी को न बताने की धमकी देने का आरोप लगाया गया था। मामले में थाना बहिलपुरवा पर मुअसं 06/2026 के अंतर्गत बीएनएस की संबंधित धाराओं एवं पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य व बयान के आधार पर 6 फरवरी को थानाध्यक्ष सत्यमपति त्रिपाठी एवं पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही शुरू की।

# विकास भवन में अफसरशाही की नींद, सीडीओ के औचक निरीक्षण में दर्जनों कर्मचारी नदारद

- सीडीओ निरीक्षण से मचा हड़कंप
- सख्त चेतावनी जारी

अखंड भारत संदेश



विकास भवन का निरीक्षण करते सीडीओ

**चित्रकूट।** जिले के विकास भवन में बुधवार सुबह उस वक्त प्रशासनिक हलचल मच गई, जब मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने ठीक 10:15 बजे औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का नजारा चौंकाने वाला था-कई अहम विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने दफ्तरों से नदारद मिले। जिला विकास कार्यालय, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, ग्राम्य विकास अभिकरण, मनरेगा सेल, कौशल मिशन, आजीविका मिशन, अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय से लेकर पंचायतराज कार्यालय तक अनुपस्थिति की लंबी फेहरिस्त सामने आई। कहीं वरिष्ठ अधिकारी गायब थे तो कहीं कनिष्ठ सहायक और कंप्यूटर ऑपरेटर ड्यूटी से दूर मिले। कुछ कर्मचारी आकस्मिक अवकाश पर थे, लेकिन अधिकांश बिना सूचना कार्यालय से अनुपस्थित पाए गए। यह स्थिति तब उजागर हुई, जब पहले भी समय से उपस्थिति को लेकर सख्त निर्देश जारी किए जा चुके थे। निरीक्षण में सामने आई यह लापरवाही न केवल प्रशासनिक अनुशासन पर सवाल खड़े करती है, बल्कि जनकल्याणकारी योजनाओं की रफ्तार पर भी गंभीर प्रभाव डालने वाली मानी जा रही है। सीडीओ ने इसे उच्चाधिकारियों के आदेशों का खुला उल्लंघन मानते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को कठोर चेतावनी जारी की है। साथ ही स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने स्पष्टीकरण तत्काल प्रस्तुत करें। इस कार्रवाई से विकास भवन में हड़कंप है और माना जा रहा है कि आगे और सख्त कदम भी उठाए जा सकते हैं।

### निरीक्षण में अनुपस्थित अधिकारी : कर्मचारी

मुख्य विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण में जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रजनीश पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी शामिल रहे। जिला विकास कार्यालय से वरिष्ठ सहायक अतुल कुमार, कनिष्ठ सहायक जगदीश प्रसाद वर्मा एवं फारूख आजम अनुपस्थित मिले। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय में भयहरण यादव (कनिष्ठ सहायक) और अतुल गुप्ता (कम्प्यूटर प्रोग्रामर) अनुपस्थित पाए गए। उप्र राज्य आजीविका मिशन कार्यालय में विकास मिश्रा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) गैरहाजिर रहे। मनरेगा सेल में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमित मिश्रा और लेखा सहायक शुभम् मिश्र उपस्थित नहीं मिले। समाज कल्याण कार्यालय में केवला प्रसाद (वरिष्ठ सहायक), अंकुर कुशवाहा (कनिष्ठ सहायक) और पवन कुमार यादव (कम्प्यूटर ऑपरेटर) अनुपस्थित पाए गए। उप्र कौशल मिशन कार्यालय में डीपीएम संदीप सिंह और रोहित नामदेव गैरहाजिर रहे। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय में अनिल कुमार शुक्ला, बाबूलाल सिंह यादव, राकेश कुमार द्विवेदी, संजय कुमार गौड, नंद कुमार यादव, अजात शत्रु शर्मा और रितेश आनंद अनुपस्थित पाए गए। जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय में आनंद कुमार प्रजापति, परिवर्तन प्रताप सिंह, यशवंत यादव, राहुल शुक्ला एवं कमलेश गुप्ता गैरहाजिर मिले।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल- वृद्धाश्रम निरीक्षण और मेगा विधिक शिविर पर बैठक

**चित्रकूट।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान के क्रम में तथा शेषमणि शुक्ला अध्यक्ष/जिला जज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्रकूट के मार्गदर्शन में सचिव इला चौधरी द्वारा 06 फरवरी को विनायकपुर स्थित वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण किया गयाए जहां पुरुष संवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। निरीक्षण के दौरान संवासी राजबहादुर ने मानक के अनुरूप भोजन एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराए जाने की पुष्टि की जबकि श्वांस रोग से पीड़ित संवासी ननकू ने इलाज की मांग रखी जिस पर संस्था प्रबंधक को जिला चिकित्सालय से समन्वय कर तत्काल उचित उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित हुआ जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी चित्रकूट द्वारा नामित छह चिकित्सकों ने सभी वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं वितरित कीं। वहीं जनपद में प्रस्तावित मेगा/वृहद विधिक सहायता सेवा शिविर को सफल बनाने हेतु अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में श्रम, सूचना, उद्योग और खाद्य विपणन से संबंधित समिति की बैठक हुई, जिसमें अधिकाधिक क्षेत्रों में कैम्प लगाकर आमजन को व्यापक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए।



वृद्धाश्रम में जांच करतीं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इला चौधरी

# आयुष.हत्याकांड पर जन उद्योग व्यापार संगठन का आक्रोश, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बुलडोजर कार्रवाई मांगी

- शानू गुप्ता ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग
- बरगढ़ कांड में व्यापारियों ने दिखाई एकजुटता



पीडित परिवार से मिलते जन उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष व महामंत्री

**चित्रकूट।** जिले के बरगढ़ में कपड़ा व्यापारी अशोक केसरवानी के पुत्र आयुष की नृशंस हत्या ने पूरे जिले के साथ देशभर के व्यापारियों को झकझोर कर रख दिया है। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता सहित चित्रकूट जिले के पदाधिकारियों और सैकड़ों व्यापारियों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर आयुष को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान अमित गुप्ता ने घटना को दिल को दहला देने वाली बताते हुए कहा कि पुलिस द्वारा अपराधी मोहम्मद कल्लू का एनकाउंटर किया जाना एक कदम है, लेकिन शेष आरोपी इरफान को भी कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए और बुलडोजर कार्रवाई सुनिश्चित हो। उन्होंने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को आवश्यकता अनुसार निःशुल्क सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने की मांग भी की। राष्ट्रीय महामंत्री शानू गुप्ता ने आयुष हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस जघन्य अपराध के पीछे शामिल हर दोषी को बेनकाब कर सख्त सजा दी जाए। पीड़ित व्यापारी अशोक केसरवानी ने भी बुलडोजर कार्रवाई, घटना के कारणों के पूर्ण खुलासे और स्थायी सुरक्षा की मांग रखी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष प्रमोद जायसवाल, प्रदेश मंत्री अशोक गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में न्याय की मांग करते हुए चेताया कि जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलेगी, व्यापारियों की आवाज शांत नहीं होगी।

## हज यात्रियों के लिए अलर्ट, जांच रिपोर्ट और पोर्टल अपडेट अनिवार्य

**चित्रकूट।** हज-2026 की तैयारियों में अब लापरवाही की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेंद्र नाथ प्रताप ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ के निर्देशानुसार सभी हज यात्रियों को क्वाड्रिवेलेंट मेनिंगोकॉकल मेनिनजाइटिस वैक्सीन की सिंगल डोज अनिवार्य रूप से दी जाएगी, जबकि 65 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों को सीजनल इन्फ्लुएंजा और ओरल पोलियो वैक्सीन भी लगाई जाएगी। टीकाकरण के लिए मेडिकल स्क्रीनिंग व फिटनेस जांच प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा, जिसे भारत सरकार के पोर्टल पर चिकित्साधिकारी द्वारा अपडेट किया जाएगा। पोर्टल अपडेट के बिना टीकाकरण संभव नहीं है। जिन यात्रियों ने अभी तक जांच नहीं कराई है, वे तत्काल प्रक्रिया पूरी करें और जांच करा चुके यात्री निर्धारित प्रशिक्षण केंद्रों पर पहुंचकर टीकाकरण सुनिश्चित करें।

## कौशल मिशन का बड़ा दांव, दिव्यांग युवाओं को मिलेगा कंपनियों में मौका

**चित्रकूट।** दिव्यांगजनों के सपनों को रोजगार की उड़ान देने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने बड़ा कदम उठाया है। जिला समन्वयक जितेंद्र कुमार शुक्ला ने बताया कि मिशन निदेशक लखनऊ के निर्देश पर 6 से 13 फरवरी तक जनपद में दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत प्रशिक्षित एवं इच्छुक दिव्यांग अभ्यर्थी 9 फरवरी तक अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों सहित विकास भवन सोनपुर कर्वी स्थित यूपीएसडीएम कार्यालय, कक्ष संख्या 115 में आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## 08 से 26 फरवरी तक राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन वितरण

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत फरवरी 2026 में गरीबों की थाली भरने की बड़ी पहल शुरू होने जा रही है। जिला पूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह के अनुसार अंत्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को निःशुल्क राशन का वितरण 08 फरवरी से 26 फरवरी तक किया जाएगा। अंत्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलो गेहूं, 11 किलो चावल और 10 किलो बाजरा यानी कुल 35 किलो अनाज मिलेगा, जबकि पात्र गृहस्थी योजना में प्रति यूनिट 2 किलो गेहूं, 1 किलो फोर्टिफाइड चावल और 2 किलो बाजरा, कुल 5 किलो अनाज निःशुल्क दिया जाएगा। अंतिम तिथि 26 फरवरी को आधार प्रमाणीकरण न होने पर मोबाइल ओटीपी से भी राशन मिलेगा। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए डीएम द्वारा नामित नोडल अधिकारी और पूर्ति निरीक्षक लगातार निगरानी करेंगे।

# केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट में डीएम की अध्यक्षता में विकास का ब्लूप्रिंट तैयार, वीएमसी बैठक ने रचा नया विजन

अखंड भारत संदेश




बैठक में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट में शुक्रवार को शिक्षा, प्रशासन और नवाचार का संगम उस समय देखने को मिला, जब जिलाधिकारी पुलकित गर्ग (आईएएस) की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंध समिति (वीएमसी) की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक से पूर्व स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों द्वारा जिलाधिकारी का अनुशासित एवं गरिमामय स्वागत किया गया, जिसने विद्यालय के संस्कार और अनुशासन की झलक पेश की। बैठक में प्राचार्या एवं सदस्य सचिव श्रीमती स्नेह लता ने विगत निर्णयों की समीक्षा प्रस्तुत करते हुए आगामी शैक्षणिक एवं विकासात्मक योजनाओं का विस्तृत खाका सदन के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र के परीक्षा परिणामों, शिक्षण गतिविधियों और अकादमिक गुणवत्ता की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा केवल अंक नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, रचनात्मकता और नवाचार का माध्यम होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षण व्यवस्था को अधिक छात्र-केंद्रित, प्रयोगात्मक और प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की सुरक्षा, स्वच्छ पेयजल, प्रयोगशालाओं और पुस्तकालय के समुचित रखरखाव को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों की चित्रकला प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया, जहां कक्षा 9 की छात्रा मानसी सिंह की उत्कृष्ट कलाकृति से प्रभावित होकर उन्होंने शाल भेंट कर सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। बैठक में सीडीओ देवी प्रसाद पाल, एसडीएम सौरभ कुमार यादव, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीआईओएस रवि शंकर, अभिभावक व शिक्षक प्रतिनिधियों सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे, जिससे बैठक को प्रशासनिक मजबूती और सार्थक दिशा मिली।

# हवा में धधका तुर्की एयरलाइंस का इंजन, 236 यात्रियों की अटकी सांसें

**त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के महाप्रबंधक टेक्नाथ सीताउला ने एएनआई को फोन पर बताया, तुर्की एयरलाइंस की उड़ान संख्या 'टीएचवाई-727' में उड़ान भरने के चार मिनट के भीतर ही आग लग गई।**




**काठमांडू**

**काठमांडू** के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार दोपहर को तुर्की एयरलाइंस के एक यात्री विमान के दाहिने इंजन में आग लग गई, जिससे आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो गई। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। नेपाल की राजधानी से इस्तांबुल जा रहे इस विमान के दाहिने इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद आग लग गई।त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के महाप्रबंधक टेक्नाथ सीताउला ने एएनआई को फोन पर बताया, तुर्की एयरलाइंस की उड़ान संख्या 'टीएचवाई-727' में उड़ान भरने के चार मिनट के भीतर ही आग लग गई। विमान ने दोपहर 1:28 बजे (स्थानीय समय) उड़ान भरी थी।

अधिकारी के अनुसार, पायलटों ने विमान को काठमांडू के पश्चिम में मोड़ दिया और दाहिना इंजन बंद कर दिया, जिससे विमान लगभग 10 मिनट तक वहीं रुका रहा। अधिकारी ने बताया कि तुर्की एयरलाइंस के "अ330-303" सीरीज के वाइड बॉडी विमान में 225 यात्री सवार थे। काठमांडू पोस्ट के अनुसार, विमान में 11 चालक दल के सदस्य थे, जिससे कुल यात्रियों की संख्या 236 हो गई। इंजन में आग लगने की सूचना मिलते ही त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को लगभग 15 मिनट के लिए बंद कर दिया गया।

कोलकाता स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय (एनएससीबीआई) हवाई अड्डे के हवाई अड्डा निदेशक ने बताया कि काठमांडू से इस्तांबुल जा रहे तुर्की एयरलाइंस के 727 विमान की कोलकाता हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग हुई। विमान के कप्तान ने कोलकाता एटीसी को दाहिने इंजन में संभावित आग की सूचना दी थी। विमान दोपहर 2:49 बजे पहुंचा, जिसमें 236 यात्री सवार थे। बोस ने आगे बताया कि विमान वर्तमान में कोलकाता हवाई अड्डे पर है। उसकी जांच चल रही है।

## अजरबैजान से भारत के रिश्ते होंगे और मजबूत, अभय कुमार ने संभाला राजदूत का चार्ज

**अजरबैजान**

**अजरबैजान** में भारत के नवनियुक्त राजदूत अभय कुमार मंगलवार को बाकू पहुंचे और उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में कहा कि नामित राजदूत श्री अभय कुमार आज बाकू पहुंचे और उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया। वे 2012 से 2016 तक काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास में प्रथम सचिव और 2005 से 2010 तक रूस में प्रथम सचिव के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने 2010 से 2012 तक अवर सचिव (लोक कूटनीति) के रूप में भी कार्य किया, जहां वे भारतीय कूटनीति को डिजिटल मानचित्र पर स्थापित करने के लिए जिम्मेदार थे, और 2022 से 2025 तक भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के उप महानिदेशक के रूप में कार्य किया, जहां वे जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान 300 से





अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समन्वय के लिए जिम्मेदार थे।

बाकू रवाना होने से पहले, कुमार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उनसे अपना परिचय पत्र प्राप्त किया।

भारतीय विदेश सेवा के 2003 बैच के कुमार इससे पहले मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे। उन्हें 30 दिसंबर को अजरबैजान में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया। दूतावास द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, भारत-अजरबैजान संबंध सभ्यतागत संबंधों, सांस्कृतिक समानताओं और अन्य संस्कृतियों के प्रति समझ और सम्मान के साझा मूल्यों पर आधारित हैं।

2024 में, अजरबैजान में भारत से 243,589 पर्यटक आए, जो 2023 में आए पर्यटकों की संख्या (117,302) से 108% अधिक है। इस अवधि के दौरान, रूस और तुर्की के बाद भारत अजरबैजान के लिए आने वाले पर्यटकों का तीसरा सबसे बड़ा स्रोत था।

# तिब्बत में भूकंप के दो झटके, उथले झटके ने बढ़ाई चिंता

**तिब्बत**

**राष्ट्रीय** भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के एक बयान के अनुसार, बुधवार को तिब्बत में 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 110 किलोमीटर की गहराई पर था। तिब्बत में 3.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र मात्र 10 किलोमीटर की उथली गहराई पर था, जिससे इसके बाद के झटकों की आशंका है। एनसीएस ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, भूकंप की तीव्रताः 3.2, दिनांकः 03/02/2026 10:17:43 करळ, अक्षांशः 28.80 उत्तर, देशांतरः 87.30 पूर्व, गहराईः 10 किलोमीटर, स्थानः तिब्बत भूकंप आमतौर पर गहरे भूकंपों की तुलना में अधिक खतरनाक होते हैं। इसका कारण यह है कि उथले भूकंपों से उत्पन्न भूकंपीय तरंगों को सतह तक पहुंचने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ती है, जिसके परिणामस्वरूप जमीन में अधिक कंपन होता है और संरचनाओं को अधिक नुकसान और अधिक जानमाल का नुकसान होने की संभावना रहती है।



तिब्बती पठार विवर्तनिक प्लेटों के टकराव के कारण अपनी भूकंपीय गतिविधि के लिए जाना जाता है। तिब्बत और नेपाल एक प्रमुख भूवैज्ञानिक भ्रंश रेखा पर स्थित हैं, जहां भारतीय विवर्तनिक प्लेट यूरेशियन प्लेट में ऊपर की ओर धकेलती है, और इसके परिणामस्वरूप भूकंप नियमित रूप से आते रहते हैं। यह क्षेत्र विवर्तनिक उत्थान के कारण भूकंपीय रूप से सक्रिय है, जो इतना मजबूत हो सकता है कि हिमालय की चोटियों की ऊंचाई को भी बदल दे। तिब्बती पठार की उच्च ऊंचाई भारतीय और यूरेशियन प्लेटों के टकराव के कारण भूपर्पटी के मोटे होने से प्राप्त होती है, जिससे हिमालय का निर्माण हुआ। पठार के भीतर भ्रंश स्ट्राइक-स्लिप और सामान्य तंत्रों से संबंधित है। पठार पूर्व-पश्चिम दिशा में फैला हुआ है, जैसा कि उत्तर-दक्षिण दिशा में फैले ग्रैबेन, स्ट्राइक-स्लिप भ्रंश और जीपीएस डेटा से प्रमाणित होता है। उत्तरी क्षेत्र में, स्ट्राइक-स्लिप फॉल्टिंग विवर्तनिकी की प्रमुख शैली है, जबकि दक्षिण में, प्रमुख विवर्तनिक क्षेत्र उत्तर-दक्षिण दिशा में चलने वाले सामान्य फॉल्ट पर पूर्व-पश्चिम विस्तार है।

## ताइवान में फिर बढ़ा तनाव, चीन के 13 फाइटर जेट और 6 जहाजों ने की घेराबंदी



**ताइवान**

**ताइवान** के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक अपने क्षेत्रीय जलक्षेत्र के आसपास चीनी सैन्य विमानों की 13 उड़ानें और छह चीनी नौसैनिक जहाजों का पता लगाया। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इनमें से 11 ने मध्य रेखा पार की और ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। ताइवान ने चीनी सैन्य विमानों के दो और चीनी नौसेना के छह जहाजों का पता लगाया। दोनों ही जहाजों ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। एक पोस्ट में बताया गया है कि आज सुबह 6 बजे (UTC+8) तक ताइवान के आसपास परिचालन कर रहे पीएलए विमानों के 2 और पीएलएएन जहाजों के 6 विमानों का पता चला। दोनों में से 2 जहाजों ने मध्य रेखा पार कर ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। हमने स्थिति पर नजर रखी और कार्रवाई की। इस बीच, दक्षिण कोरिया और जापान ने सैन्य आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत नौ वर्षों में पहली बार अपने द्विपक्षीय नौसैनिक खोज और बचाव अभ्यास को फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है।

सियोल के रक्षा मंत्रालय ने देश के सरकारी मीडिया को यह जानकारी दी है। चीन और उत्तर कोरिया से बढ़ते सुरक्षा खतरों के बीच अमेरिका के इन दोनों सहयोगी देशों की यह बैठक हो रही है। पिछले साल के अंत में जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की उस टिप्पणी के बाद से टोक्यो और बीजिंग के बीच संबंध भी बिगड़ गए थे, जिसमें उन्होंने कहा था कि ताइवान पर चीनी हमला "अस्तित्व के लिए खतरा" की स्थिति हो सकती है।

## सर्विलांस कैमरों को किया बंद, फिर बंदूकधारियों ने मारी गोली




**लीबिया**

**लीबिया** के दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की बंदूकधारियों ने हत्या कर दी है। उनके सलाहकार ने मीडिया को यह जानकारी दी, जबकि उनके परिजनों ने भी उनकी मौत की पुष्टि की। अब्दुर्रहीम के हवाले से बताया गया है, चार हथियारबंद लोगों ने निगरानी कैमरों को निष्क्रिय करने के बाद सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी के आवास पर धावा बोला और फिर उनकी हत्या कर दी।" टीवी चैनल अल-अहरार ने बताया कि उनके करीबी लोगों ने हालातों का खुलासा किए बिना उनकी मौत की पुष्टि की है, जबकि सरकारी समाचार एजेंसी लाना ने उनके सलाहकार अब्दुल्ला उस्मान के हवाले से मौत की पुष्टि की है। इसके अलावा, उनके वकील खालिद अल-जायदी ने भी मौत की पुष्टि की है।

वर्ष 2015 में लीबिया की एक अदालत ने उनके वकील खालिद अल-जायदी को मौत की सजा सुनाई। उन पर 2011 में लीबिया की उस क्रांति के दौरान शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को दबाने का आरोप था, जिसने उनके पिता के शासन का अंत किया था। इसके अलावा, उन पर अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा मानवता के विरुद्ध कथित अपराधों का अस्थायी आरोप भी लगाया गया था, जिसे उनके वकील खारिज करने में असफल रहे।

उन्होंने दिसंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए 2021 में अपना नाम राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में दर्ज कराया था।

## संयुक्त राष्ट्र में भारत का बड़ा संदेशः यूएनडीपी के साथ विकास को देंगे प्राथमिकता

**संयुक्त राष्ट्र**

**भारत** ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया है। यूएनडीपी की कार्यकारी बोर्ड की बैठक में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत हरीश पी ने कहा कि भारत यूएनडीपी के साथ अपने छह दशकों के सहयोग को महत्व देता है, विशेष रूप से गरीबी उन्मूलन, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण जैसे क्षेत्रों में। राजदूत हरीश पी ने इस बात पर भी जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुधारों में विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर दक्षिण-दक्षिण सहयोग को मजबूत किया जाना चाहिए।




एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय मिशन ने कहा, "पीआर परवथानेनी हरीश ने यूएनडीपी प्रशासक के साथ संवादात्मक संवाद के लिए यूएनडीपी/यूएनएफपीए/यूएनओपीएस कार्यकारी बोर्ड के पहले नियमित सत्र में भारत का बयान दिया। उन्होंने छह दशकों से यूएनडीपी की अटूट साझेदारी के लिए भारत की सराहना को दोहराया। उन्होंने गरीबी उन्मूलन, जलवायु लचीलापन, एसडीजी स्थानीयकरण, लाइफएफई और भारत संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष जैसे कई क्षेत्रों में यूएनडीपी के साथ मजबूत सहयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुधारों से विकास को बढ़ावा मिलना चाहिए।

# सऊदी अरब के साथ द्विपक्षीय सहयोग पर हुई अहम चर्चा

**सऊदी अरब**

**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने बुधवार को सऊदी अरब की अपनी यात्रा के दौरान राज्य मंत्री, कैबिनेट सदस्य और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मूसाएद बिन मोहम्मद अल-ऐबान से मुलाकात की। रियाद स्थित भारतीय दूतावास ने एक पोस्ट में बताया कि उनकी बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दे और अन्य आपसी हित के विषय शामिल थे। पोस्ट में कहा गया, माननीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल ने सऊदी अरब के राज्य मंत्री, कैबिनेट सदस्य और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार महामहिम डॉ. मूसाएद बिन मोहम्मद अल-ऐबान के साथ एक सार्थक बैठक की। बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय और अन्य आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा हुई। डोभाल आधिकारिक दौरे पर रियाद पहुंचे, जो भारत और सऊदी अरब के बीच बढ़ते रणनीतिक संबंधों को रेखांकित करता है।

रियाद स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, हवाई अड्डे पर सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेल एजाज खान और सऊदी अरब के राजनीतिक मामलों के उप मंत्री राजदूत डॉ. सऊद अल-साती ने उनका स्वागत किया। उनकी यह यात्रा 28 जनवरी को सऊदी अरब द्वारा पहलगाम आतंकी हमले और लाल किले में हुए आतंकी हमले की निंदा करने के कुछ ही समय बाद हुई है। रणनीतिक साझेदारी परिषद की राजनीतिक, कांसुलर और सुरक्षा सहयोग समिति के अंतर्गत भारत-सऊदी अरब सुरक्षा कार्य समूह की तीसरी बैठक में दोनों पक्षों ने आतंकवाद



के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा की। यह बैठक 28 जनवरी को रियाद में हुई। विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (आतंकवाद विरोधी) विनोद बहादे और सऊदी अरब साम्राज्य के आंतरिक मंत्रालय के कानूनी मामलों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग महानिदेशक अहमद अल-ईसा ने की। बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की कड़ी निंदा की, जिसमें सीमा पार आतंकवाद, 22 अप्रैल 2025 को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुआ कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला और 10 नवंबर 2025 को नई दिल्ली में लाल किले के पास हुई आतंकी घटना शामिल है। दोनों पक्षों ने चल रहे सुरक्षा सहयोग की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने वैश्विक स्तर पर और अपने-अपने क्षेत्रों में आतंकवादी समूहों से उत्पन्न खतरों पर चर्चा की।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# बीच समुंदर बड़ी कार्रवाई, यूएस ने मार गिराया ईरानी ड्रोन,

**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार (6 फरवरी) को दोनों पक्षों के अधिकारियों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अन्य मुद्दों पर बैठक होने की उम्मीद है, इसी बीच तेहरान ने अरब सागर से गुजर रहे एक अमेरिकी विमानवाहक पोत की ओर ड्रोन भेजा। जवाब में अमेरिकी सेना ने उसे मार गिराया। अमेरिकी सेना के अनुसार, 3 फरवरी को ईरान के शाहेद-130 ड्रोन ने अरब सागर से गुजर रहे यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत की ओर आक्रामक रूप से हमला किया। यह पोत ईरान के दक्षिणी तट से लगभग 500 मील दूर था। इसके जवाब में अमेरिकी युद्धपोत ने एफ-35सी लड़ाकू विमान से ड्रोन को मार गिराया। ईरानी ड्रोन की यह गतिविधि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नाराज कर सकती है, जो ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने पर विचार कर रहे हैं। यह कदम यूएसएस अब्राहम लिंकन की सैन्य शक्ति को दशार्ता है, जिसे अमेरिकी नौसेना दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत बताती है।

अमेरिकी सेना ने ईरानी ड्रोन को मार गिराया

मंगलवार को घटी घटनाओं का वर्णन करते हुए, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रवक्ता कैप्टन टिम हॉकिन्स ने बताया कि अमेरिकी सेना ने एक ईरानी ड्रोन को मार गिराया, जब वह मानवरहित विमान यूएसएस अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत की ओर आक्रामक रूप से बढ़ रहा था। यह पोत अरब सागर में ईरान के दक्षिणी तट से लगभग 500 मील दूर



स्थित था। हॉकिन्स ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में तैनात अमेरिकी सेना द्वारा तनाव कम करने के उपाय किए जाने के बावजूद, ईरानी ड्रोन पोत की ओर बढ़ता रहा।" उन्होंने आगे बताया कि लिंकन के एक एफ-35सी लड़ाकू विमान ने पोत और उसके कर्मियों की सुरक्षा के लिए ड्रोन को मार गिराया। हॉकिन्स ने यह भी बताया, इस घटना में कोई भी अमेरिकी सैनिक घायल नहीं हुआ और न ही किसी अमेरिकी उपकरण को नुकसान पहुंचा। ईरानी मीडिया, तसनीम न्यूज एजेंसी ने भी पुष्टि की कि अरब सागर के अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में जासूसी, निगरानी और फिल्मांकन मिशन पर निकले इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ड्रोन से ईरान का संपर्क टूट गया।

यूएसएस अब्राहम लिंकन

घटनाओं ने अमेरिकी विमानवाहक पोत के बारे में लोगों की दिलचस्पी बढ़ा दी है, जिसका नाम संयुक्त राज्य अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के नाम पर रखा गया है। रक्षा विश्लेषक यूएसएस अब्राहम लिंकन को अमेरिकी संकल्प और तकनीकी कौशल का प्रतीक मानते हैं। गल्फ न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएसएस अब्राहम लिंकन सिर्फ एक जहाज नहीं हैः यह युद्ध का तैरता हुआ शहर है, एक तकनीकी चमत्कार है और अमेरिकी नौसैनिक प्रभुत्व का प्रतीक है। 1989 में कमीशन किया गया परमाणु ऊर्जा से चलने वाला विमानवाहक पोत, निमित्ज श्रेणी का हिस्सा, यूएसएस अब्राहम लिंकन आधी सदी से अमेरिकी विमानवाहक विमानन की रीढ़ रहा है। यह 1,000 फीट से अधिक लंबा है, जो इसे एम्पायर स्टेट बिल्डिंग से भी लंबा बनाता है, और इसका वजन 100,000 टन से अधिक है।